NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 14 अंक: 79 लखनऊ, सोमवार 04 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## योगी को जान से मारने की धमकी के मामले की जांच के लिए मुंबई जाएगी एटीएस की टीम



लखनऊ संवाददाता। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए यूपी एटीएस की टीम मुंबई जाएगी। सीएम योगी को इस्तीफा न देने पर बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी गई थी। ये धमकी महाराष्ट्र पुलिस के कंट्रोल रूम को मैसेज करके दी गई थी जिसकी जानकारी महाराष्ट्र पुलिस ने यूपी पुलिस को दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए जाने वाले हैं। ऐसे में महाराष्ट्र की पुलिस अलर्ट पर है। मामले में मुंबई पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी करने वाली महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश मिला है। शहर पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं। उन्होंने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है।

## बटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर अखिलेश यादव का पलटवार

संवाददाता।

लखनऊ अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि उनका 'नकारात्मक–नारा' उनकी निराशा–नाकामी का प्रतीक है।इस नारे ने साबित कर दिया है कि उनके जो गिनती के 10: मतदाता बचे हैं अब वो भी खिसकने के कगार पर हैं, इसीलिए ये उनको डराकर एक करने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन ऐसा कुछ होनेवाला नहीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की श्बटेंगे तो कटेंगेश वाले बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह नकारात्मक नारा भाजपा की निराशा और विफलता का प्रतीक है। अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि उनका



'नकारात्मक–नारा' उनकी निराशा–नाकामी का प्रतीक है।इस नारे ने साबित कर दिया है कि उनके जो गिनती के 10: मतदाता बचे हैं अब वो भी खिसकने के कगार पर हैं, इसीलिए ये उनको डराकर एक करने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन ऐसा कुछ होनेवाला नहीं। सपा नेता ने आगे लिखा कि 'नकारात्मक–नारे' का असर भी होता है, दरअसल इस 'निराश–नारे' के आने के बाद, उनके बचे–खुचे समर्थक ये सोचकर और भी निराश हैं कि जिन्हें हम ताकतवर समझ रहे थे, वो तो सत्ता में रहकर भी कमजोरी की ही बातें कर रहे हैं। जिस 'आदर्श राज्य' की कल्पना हमारे देश में की जाती है, उसके आधार में 'अभय' होता हैय 'भय' नहीं। ये सच है कि 'भयभीत' ही 'भय' बेचता है क्योंकि जिसके पास जो होगा, वो वही तो बेचेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के इतिहास में ये नारा 'निकृष्टतम–नारे' के रूप में दर्ज होगा और उनके राजनीतिक पतन के अंतिम अध्याय के रूप में आखिरी 'शाब्दिक कील–सा' साबित होगा। उन्होंने कहा कि देश और समाज के हित में उन्हें अपनी नकारात्मक नजर और नजरिये के साथ अपने सलाहकार भी बदल लेने चाहिए, ये उनके लिए भी हितकर साबित होगा।

एक अच्छी सलाह ये है कि 'पालें तो अच्छे विचार पालें' और आस्तीनों को खुला रखें, साथ ही बाँहों को भी, इसी में उनकी भलाई है।

## तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने 11 महीने के शासन में 'अंधकार' खत्म किया-रेवंत रेड्डी

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि पिछले 11 महीने में कांग्रेस सरकार ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) शासन के तहत राज्य में व्याप्त निराशा और हताशा के माहौल को पलट दिया है और 'अंधकार' को समाप्त कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक्स' पर किए गए उस पोस्ट के जवाब में यह टिप्पणी की। हैदराबाद । तेलंगाना के मुख्यमंत्री



ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि पिछले 11 महीने में कांग्रेस सरकार ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) शासन के तहत राज्य में व्याप्त निराशा और हताशा के माहौल को पलट दिया है और 'अंधकार' को समाप्त कर दिया है। रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए उस पोस्ट के जवाब में यह टिप्पणी की जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस शासन में हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में विकास की गति और राजकोषीय स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। रेड्डी ने पोस्ट में कहा, ''अपने राज्य और हमारी सरकार के बारे में आपके बयानों में कई गलतफहमियों और तथ्यात्मक त्रुटियों को स्पष्ट कर मुझे खुशी हो रही है।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर शुक्रवार को की गई कई पोस्ट में कहा था कि कांग्रेस लोगों के सामने 'बुरी तरह बेनकाब' हो गई है क्योंकि उसने लोगों से ऐसे वादे किए हैं जिन्हें वह कभी पूरा नहीं कर पाएगी। उन्होंने मोदी को संबोधित पोस्ट में कहा, ''लोगों से किया गया हमारा हर वादा हमारे लिए एक पवित्र प्रतिबद्धता की तरह है। पिछले 11 महीनों में हमने बीआरएस शासन के दौरान व्याप्त निराशा और हताशा के माहौल को पलट दिया है और अंधकार को समाप्त कर दिया है। सुबह के सूरज की तरह ही तेलंगाना भी अब उग रहा है।'' मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्यभार संभालने के दो दिनों के भीतर ही तेलंगाना सरकार ने अपना पहला और दूसरा वादा पूरा कर दिया जिसके तहत सभी सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा और राजीव आरोग्यश्री योजना के तहत 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य देखभाल कवर देना शामिल है।

## जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए

एजेंसी।

नई दिल्ली अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर के खानयार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच एक और मुठभेड़ जारी है, अब तक दोनों ओर से किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है।जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को मठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के शांगस–लारनू इलाके में



हलकान गली के पास यह मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों के साथ हुई इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं, जिनसें से एक स्थानीय और दूसरा विदेशी नागरिक है। अभी इस बात का पता नहीं चल पाया है कि वे किस आतंकवादी समूह के सदस्य थे। अधिकारी ने बताया कि इलाके में अब भी अभियान जारी है तथा आगे के विवरण की प्रतीक्षा है। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर के खानयार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच एक और मुठभेड़ जारी है, अब तक दोनों ओर से किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है।

## फडणवीस ने सत्तारूढ़ दलों के प्रत्याशियों को पैसे भेजने संबंधी पवार की टिप्पणी को खारिज किया

एजेंसी।

महाराष्ट्र देवेंद्र फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के इन आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया कि विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को पैसे पहुंचाने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। फडणवीस 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए पुणे में हैं। पुणे । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के इन आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया कि विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को पैसे पहुंचाने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। फडणवीस 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए पुणे में हैं। इससे पहले दिन में, पवार ने दावा किया था कि विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को पैसे पहुंचाने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। बारामती में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि वह इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से और अधिक बोलना चाहते हैं लेकिन ऐसा करने से बच रहे हैं क्योंकि इससे वे अधिकारी आहत होंगे, जिन्होंने उनके साथ जानकारी साझा की है। फडणवीस ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राकांपा (एसपी) प्रमुख को भ्रम हो रहा है क्योंकि ऐसी चीजें तब हुआ करती थीं, जब विपक्षी दल सत्ता में थे। फडणवीस ने विश्वास जताया कि दौंड और पुरंदर सीट पर राकांपा के बागी उम्मीदवार अपना नाम वापस ले लेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ नेता गोपाल शेट्टी से पार्टी के बारे में सोचने का



आग्रह किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, मुंबई उत्तर से दो बार लोकसभा सदस्य रहे शेट्टी ने कहा था कि वह बोरीवली से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे क्योंकि उनका नाम भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की चौथी सूची में नहीं है। बोरीवली सीट से टिकट नहीं मिलने पर शेट्टी ने फडणवीस से मुलाकात की थी। मुलाकात के बारे में बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''वह हमारे वरिष्ठ नेता हैं और मैंने उनसे पार्टी के बारे में सोचने का आग्रह किया है। उन्होंने पार्टी के अनुशासन का पालन किया है। मुझे यकीन है कि वह अब भी ऐसा ही करेंगे। उनका गुस्सा समझ में आता है।'' वर्ष 2014 और 2019 में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से चार लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतने वाले शेट्टी को 2024 के आम चुनाव में टिकट नहीं दिया गया। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जीत दर्ज की। भाजपा ने संजय उपाध्याय को बोरीवली से अपना उम्मीदवार बनाया है। शेट्टी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

## गोरेगांव सीट पर भाजपा और उद्धव गुट की शिवसेना के बीच होगा सीधा मुकाबला

एजेंसी।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बाकी है। राज्य में चुनाव एक चरण में 20 नवंबर को होना है। वहीं चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएगा। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर पहले से ही कस ली है। सीट बंटवारे को लेकर महायुति–महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों ने सीटें भी तय कर ली है। इस महीने होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बाकी है। राज्य में चुनाव एक चरण में 20 नवंबर को होना है। वहीं चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएगा। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर पहले से ही कस ली है। सीट बंटवारे को लेकर महायुति–महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों ने सीटें भी तय कर ली है। 288 विधानसभा क्षेत्र वाले इस राज्य में चुनाव प्रक्रिया शांति पूर्ण तरीके से हो इसके लिए चुनाव आयोग ने शासन–प्रशासन को दिशा–निर्देश दे दिया है। वहीं बीजेपी अपने 148 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर चुका है। तो वहीं उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने 80 उम्मीदवारों और शिंदे गुट की शिवसेना 65 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है।चुनाव को सभी क्षेत्रीय दल से लेकर राष्ट्रीय दल जीत के लिए जनता के द्वार पहुंच रहे हैं। अब जनता किसे अपना नेता चुनेगी ये तो चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा। लेकिन किस विधानसभा में किस पार्टी के उम्मीदवार को जनता ने अपना नेता चुना है, और आगे किस पार्टी के उम्मीदवार को अपना नेता चुनेगी। आज हम आपके लिए गोरेगांव विधानसभा सीट का समीकरण लेकर उपस्थित हुए हैं। जहाँ भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार विद्या ठाकुर लगातार चौथी जीत दर्ज करने को बेताब हैं।गोरेगांव सीट 1978 से अस्तित्व में हैयह विधानसभा सीट 1978 से अस्तित्व में है। गोरेगांव निर्वाचन क्षेत्र मुंबई उपनगरीय जिले में स्थित 26 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। गोरेगांव मुंबई उपनगरीय जिले और मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस सीट पर अब तक 10 बार चुनाव हो चुका है। यहां सबसे ज्यादा शिवसेना का



दबदबा रहा है। इसके बाद बीजेपी की। वहीं कांग्रेस महज एक बार ही इस सीट पर जीत हासिल कर पाई है।इस चुनाव में क्या होगा जनता का मूडआंकड़ों पर गौर फरमाएं तो, हम देख पाएंगे कि 1978 से गोरेगांव विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा बार शिवसेना जीती है। वहीं लगातार पिछले दो बार से बीजेपी जीत रही है। इस बार सीट पर महाविकास अघाडी ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और महायुति से बीजेपी को टिकट मिला है

यानी मुकाबला शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और बेजेपी के बीच है। बता दें कि बीजेपी ने मौजूदा विधायक विद्या ठाकुर को एक बार फिर से टिकट दिया है। वहीं शिवसेना यूबीटी ने समीर देसाई को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में अगर जनता के मूड की बात करें तो जिस हिसाब से दो बार से बीजेपी के उम्मीदवार जीतते आ रहे हैं, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक बार फिर से बीजेपी यहां एक बार फिर से विजयी पताका लहरा सकती है। वहीं समीर देसाई कमजोर साबित हो सकते हैं।

## बसपा की वजह से भाजपा और सपा की नींद उड़ी, ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे –मायावती

संवाददाता।

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनावों में उनकी पार्टी के मैदान में होने से दोनों दलों की नींद उड़ गयी है इसलिए दोनों पार्टियों के नेता ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनावों में उनकी पार्टी के मैदान में होने से दोनों दलों की नींद उड़ गयी है इसलिए दोनों पार्टियों के नेता ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे हैं। मायावती ने प्रदेश में भाजपा और सपा के बीच गठबंधन का आरोप लगाया। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल में दिये भाषणों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा के 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जैसे नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि हर मामले में इनकी (भाजपा व सपा) दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि 'बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।' मायावती ने पत्रकारों से कहा, "जबसे उप्र में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव घोषित हुए हैं तबसे भाजपा और सपा की नींद उड़ी हुई है क्योंकि इस बार सभी सीट पर बसपा भी





अकेले यह चुनाव लड़ रही है।" मायावती ने कहा, "काफी समय से एक–दो उपचुनाव को छोड़कर बसपा अधिकांश उप चुनाव नहीं लड़ी है तबसे खासकर भाजपा और सपा तथा इनका गठबंधन इन उपचुनावों में आपस में मिल बांटकर चुनाव लड़ते रहे हैं।" उन्होंने कहा, "लेकिन इस बार जब बसपा भी मैदान में डंटी है तो इन दोनों के गठबंधन की परेशानी बढ़ गयी है।" बसपा प्रमुख ने दावा किया, "जनता का ध्यान बांटने के लिए अब भाजपा 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा के लोग 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जैसे नारों को प्रचारित करने में लग गये हैं। इनके हर मामले में दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।" उन्होंने बसपा के शासन में बेहतर कानून व्यवस्था व विकास का दावा करते हुए कहा, "हालांकि प्रदेश में विकास व कानून व्यवस्था के मामले में भाजपा और पूर्व की सपा सरकार की तुलना में केवल बसपा का ही शासनकाल काफी बेहतरीन रहा है।" मायावती ने जनता को आगाह करते हुए कहा, "ऐसे में हवा हवाई नारों व पोस्टरबाजी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। अब भाजपा के लोग अपनी कमियों की वजह से 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारा लगाकर वोट मांग रहे वहीं सपा के लोग यह नारा लगाकर यह वोट मांग रहे कि 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जबकि इनकी (नारों) आड़ में दोनों पार्टियां यहां के लोगों को गुमराह कर रही हैं।" उन्होंने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि ये लोग कमियों से ध्यान बांटने के लिए नारेबाजी और पोस्टरबाजी कर रहे हैं। उप्र की कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी

(मुरादाबाद) में 13 नवंबर को मतदान और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। भाजपा नौ में आठ और उसकी सहयोगी रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) मीरापुर सीट पर चुनाव मैदान में है जबकि कांग्रेस के समर्थन से समाजवादी पार्टी ने सभी नौ सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं बसपा भी सभी नौ सीटों पर सीधे मुकाबले में है।

## विले पार्ले विधानसभा सीट पर कांटे की लड़ाई में बीजेपी आगे, कांग्रेस भी वापसी को बेताब

महाराष्ट्र

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बाकी है। राज्य में चुनाव एक चरण में 20 नवंबर को होना है। तो वहीं चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर पहले से ही कस ली है। सीट बंटवारे को लेकर महायुति–महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों ने सीटें भी तय कर ली है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बाकी है। राज्य में चुनाव एक चरण में 20 नवंबर को होना है। तो वहीं चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर पहले से ही कस ली है। सीट बंटवारे को लेकर महायुति–महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों ने सीटें भी तय कर ली है। 288 विधानसभा क्षेत्र वाले इस राज्य में चुनाव प्रक्रिया शांति पूर्ण तरीके से हो इसके लिए चुनाव आयोग ने शासन–प्रशासन



को दिशा–निर्देश दे दिया है। वहीं बीजेपी अपने 148 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर चुका है। कांग्रेस अब तक 99 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर चुकी है। तो वहीं उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने 80 उम्मीदवारों और शिंदे गुट की शिवसेना 65 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है।इस चुनाव को लेकर सभी क्षेत्रीय दल से लेकर राष्ट्रीय दल जीत के लिए जनता के द्वार पहुंच रहे हैं। अब जनता किसे अपना नेता चुनेगी।

# 1962 हेल्पलाइन डाक्टरों की लापरवाही, गई मादा कुत्ते की जान, शिकायत

बाराबंकी (आरएनएस)। सरकार द्वारा संचालित निशुल्क योजनाएं जनमानस के साथ साथ जानवरों के लिए भी निरंतर तत्परता से काम कर रही है ऐसा दावा प्रदेश की सरकार मंचों से करती रहती है। तो वहीं पशुपालन विभाग के हेल्पलाइन 1962 द्वारा संचालित निशुल्क एम्बुलेंस सेवा दावों की पोल खोलती नजर आई। ऐसे ही कर्मचारी सरकार की छवि को जनता में न सिर्फ खराब करते हैं बल्कि जनता को सरकार के प्रति रोष भरने में भी पूरी भूमिका निभाते हैं। घटना विगत 31 अक्टूबर दिपावली के दिन की है जहां जनपद के पूरेडलई ब्लाक के ग्राम पंचायत सरांयसैफ ग्राम चकपुरवा निवासी सूरज सिंह गौर पशुपालन विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1962 पर सुबह 11 बजे सूचना देते हैं कि एक मादा कुत्ता जो गर्भवती हैं और दर्द से पीड़ित हैं चलने फिरने में भी असमर्थ हैं। हेल्पलाइन पर उन्हें एम्बुलेंस तुरंत उपलब्ध करा दी जाती है मगर वह 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंचती है। जानकारी के अनुसार जनपद के तहसील सिरौलीगौसपुर में दो पशुपालन निशुल्क एम्बुलेंस सेवा में है लेकिन 15–15 दिन पर एक ही संचालित हो और एक सिर्फ 15 दिन प्रचार करती है। 31 अक्टूबर को सूरज सिंह गौर को हेल्पलाइन द्वारा एम्बुलेंस गाड़ी का नंबर दिया जाता है और संपर्क के लिए कहा जाता है। संपर्क करने पर डाक्टर शिवपूजन से बात होती है तो डाक्टर साहब बिना पूरी बात जाने कहते हैं कि–आपका केस नंबर 6 है जब आपका नंबर आएगा संपर्क कर लेंगे और अभी 4 घंटे लग जाएंगे। 5 घंटे बीत जाने पर जब पुनः संपर्क किया जाता है तो डाक्टर सुनील कुमार फोन उठाते हैं और कहते हैं कि–हम बता नहीं पाएंगे कि कब तक आएंगे परेशान न करिए समय मिलेगा तो आएंगे वरना किसी और से संपर्क कर लीजिए। अगली सुबह जब सूरज सिंह गौर द्वारा पुनः संपर्क किया गया तो डाक्टर ने ड्यूटी खत्म हो जाने का हवाला देते हुए फोन काट दिया।

जब हेल्पलाइन नंबर 1962 पर संपर्क किया तो उन्होंने दूसरी डाक्टर की टीम सहित एम्बुलेंस भेजी जो मौके पर पहुंच गई मगर इलाज के दौरान उस मादा कुत्ते की मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची डाक्टर टीम का कहना था कि–अगर कल समय से इलाज मिल गया होता तो संभव है इसकी जान बच सकती थी।आज भी आपका केस नंबर 3 है मगर गर्भवती थी इसलिए पहले इसका इलाज करना जरूरी था। जो डाक्टर टीम की मानवता और इंसानियत को दर्शाता है। लेकिन डाक्टर शिवपूजन व डाक्टर सुनील की टीम की लापरवाही कहेंगे या मनमाने तरीके के एमरजेंसी सुविध ाओं को मजाक बनाना जिसके चलते मादा कुत्ते की न सिर्फ जान चली गई बल्कि गांव ने काफी आक्रोशित होकर सरकार को कोषा भी। सूरज सिंह गौर ने आरोप लगाते हुए कहा कि –डाक्टर ने कहा कि हम सिर्फ 6 बजे तक ही केस देखते हैं उसके बाद की जिम्मेदारी हमारी नहीं है। बनीकोडर जा रहे हैं फिर कटका जाएंगे फिर चकपुरवा आएंगे अगर इस दौरान समय खत्म हो जाता है हम नहीं आ पाएंगे।वह चाहते तो इस केस को देखकर कटका जा सकते थे लेकिन मनमाने तरीके से लापरवाही बरतते हुए केवल समय नष्ट किया और इस जानवर को मरने दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने जिला पशु चिकित्सा अधिकारी से षिकायत करने की कोषिष की लेकिन उनसे बात नही हो सकी।

# प्रधान प्रतिनिधि का कहर, दलित युवक और महिलाओं को पीटा, मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़ बाराबंकी (आरएनएस)। साइकिल में टक्कर लगने की शिकायत से नाराज होकर प्रधान प्रतिनिधि अपने साथियों के साथ मिलकर दलित युवक की पिटाई कर दी वही बचाव में आई घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। इस मारपीट की घटना के बाद पीड़ित परिजन चोटिल महिलाओं के साथ थाने पहुंचे और पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित परिजन की तहरीर पर एस सी एस टी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी चोटिल का मेडिकल परीक्षण करवाते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रुकनूदीनपुर निवासी दिगपाल रावत पुत्र छेदन रावत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया बीती 31 अक्टूबर को सब्जी लेने के लिए कमेला चौराहे जा रहा था गांव से कुछ दूरी पर स्थित मोहम्मदपुर गांव के पास पहुंचा था कि तभी बगल से कार लेकर गुजरे प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह उर्फ मुकेश सिंह ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह खंती में गिर गया और चोटिल हो गया शाम को दुर्गा माता मंदिर के पास शिकायत लेकर पहुंचा जिसके बाद इसी बात से नाराज होकर मुकेश कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, संजय, रिंकू, रामकुमार सिंह ने जाति सूचक गालियां देते हुए लात घुसो से मारना पीटना शुरू कर दिया चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर बचाने दौड़ी पत्नी राजकुमारी लड़की मंशा देवी, बेटी नंदनी, रंजना पत्नी सूर्यपाल को भी जमकर पीटा जिससे उनको काफी चोटे आई है। घटना के बाद पीड़ित परिजन सुबेहा थाने पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर सभी चोटिल को मेडिकल परीक्षण के लिए हैदरगढ़ सी एच सी भेजकर कार्यवाही की जा रही है।

# दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया

## भगवान गणेश लक्ष्मी की हुई पूजा, देर रात तक युवाओं ने की आतिशबाजी

बाराबंकी (आरएनएस)। जिले में गुरुवार की रात को दीपावली का त्योहार भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। युवाओं ने आतिशबाजी की धूम मचाई, जबकि लोगों ने माता लक्ष्मी के स्वागत में घरों और प्रतिष्ठानों को दीपों और बिजली के झालरों से सजाया था। लक्ष्मी गणेश पूजन के बाद जमकर आतिशबाजी की गई। गली–मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहां मिठाई बांटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर पर भी दिवाली के शुभकामना संदेश की खूब आवाजाही रही। वीरवार को दीपावली पर्व पर सुबह से ही लोग खरीदारी के साथ पूजा की तैयारी में लगे रहे। सुबह अमावस्या की पूजा की और प्रसाद का वितरण किया। शाम को घरों में भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की पूजा की गई। मान्यता है कि भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास काटने के बाद अयोध्या लौटे तो लोगों ने खुशी में दीये जलाए। छोटे–बड़े व्यापारियों ने भी प्रतिष्ठानों पर गणेश–लक्ष्मी का पूजन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व की धूम रही। इस बार अधिकांश लोगों ने घरों में मिट्टी के दीये और मोमबत्ती चलाकर अंधेरे को मिटाया। झालर और बल्ब की भी सजावट खूब हुई। पूजन के बाद लोगों ने गली–मोहल्लों में उपहार देकर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। दीपावली पूजने के बाद बच्चे, युवा और बड़ों ने जमकर आतिशबाजी की। चकरी, लड़ी, अनार, सुतली बम, सांप, पेंसिल, रॉकेट आदि फोड़े। बच्चे और युवाओं ने रंग–बिरंगी पोशाक पहनकर त्योहार को मनाते नजर आए। कुछ लोगों ने डीजे की व्यवस्था की और घर पार्कों में आनंद लिया। लोगों ने देर रात तक आतिशबाजी का आनंद लिया। मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए तांता लगा रहा। खरीदारी के लिए बाजारों में भारी भीड़ रही।

## गोवर्धन और अन्नकूट पर्व पर हुई पूजा

बाराबंकी। जिले में शनिवार की सुबह से गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। घरों के आंगन में महिलाओं ने गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत तैयार करके पूजन किया। इस साल कार्तिक अमावस्या तिथि 31 अक्तूबर की दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर शुरू हुई जो 1 नवंबर की शाम 6 बजकर 16 मिनट तक रही। ऐसे में कार्तिक अमावस्या दो दिन यानी 31 अक्टूबर और 1 नवंबर तक रही। इसी कारण इस बार गोवर्धन पूजा 2 नवंबर को मनाया गया।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव

प्रयागराज(आरएनएस)। सत्य अहिंसा के अद्वितीय प्रेरक जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव शुक्रवार को नगर के विभिन्न जैन मंदिरों जीरो रोड, बेनीगंज, कर्नल गंज, झूंसी (अंदावा ), नैनी मे श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस क्रम में जीरो रोड स्थित जैन मंदिर में पंडित सुनील जैन के निर्देशन में प्रातः भगवान का अभिषेक शांति धारा रवि जैन, मनोज जैन के द्वारा की गई। आरती स्वतंत्र जैन सपरिवार ने की। पूजन अर्चन के बाद 24 किलो का निर्वाण लाडू हर्ष जैन, नीता जैन, दीपक जैन, रवींद्र जैन, नीरज जैन ने सपरिवार अर्पित किया। इस अवसर पर पंडित सुनील जैन ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म कुंडल पर में हुआ था तथा निर्वाण पावापुर (नालंदा) से प्राप्त हुआ था। इस बार हम सब भगवान का 2551वा निर्वाणोत्सव मना रहे है।राजेश कुमार जैन ने लोगो से अपील की कि इतने पवित्र त्यौहार को पटाखे छुड़ाकर खराब न करे तथा भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो तथा अहिंसा धर्म का पालन करे। सभी मंदिरों में आकर्षक रंगोली बनाई गई और विद्युत की झालरों से मंदिर सजाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बाला जैन, किरन जैन,सलोनी जैन, खुशबू जैन, निधि जैन, रत्ना जैन, ज्योति जैन, अर्चना जैन, अशोक जैन, विकास जैन, अजय जैन, कृष्ण कुमार जैन, राहुल जैन, डॉ. सुबोध ा जैन आदि उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में वरिष्ठ पत्रकार का निधन

प्रयागराज(आरएनएस)। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के चकिया कर्बला इलाके में शुक्रवार की देर रात हुए सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र राय की मौत हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सिर मे अधिक चोट लगने के कारण खून काफी बह गया था। अस्पताल ले जाने पर उनकी सांसें थम गईं। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।मूल रूप से झूंसी के रहने वाले देवेंद्र राय उर्फ लकी (42) वर्तमान में सिविल लाइंस में किराए के मकान में रहते थे। देर रात वह बाइक से घर लौट रहे थे। चकिया इलाके के कर्बला के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी जान चली गई।

# संगम में डूब रहे दे युवकों को बचाया

प्रयागराज(आरएनएस)। शुक्रवार शाम ढलने के बाद कई युवक संगम पर स्नान को पहुंचे ऐसे में दो युवक स्नान के दौरान गहरे पानी में समा गए। इस दौरान 42वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत दल के जवानों ने मशक्कत कर गहरे पानी से दोनों युवकों को जान बचाई।

उन्हें फस्ट एड देने के बाद अस्पताल ले गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर सुलेमसराय के रहने वाले अजय कुमार (35) और मनोज कुमार (38) शुक्रवार की देर शाम संगम स्नान को पहुंच गए। दोनों घर से पूजा अर्चना करके निकले थे। स्नान के दौरान दोनों गहरे पानी में सामने लगे।

# रिश्तेदार बता कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उड़ाए गहने, आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज (आरएनएस)। कालिंदी एक्सप्रेस से आ रहे यात्रियों को अपना रिश्तेदार बताकर एक जहरखुरान ने शिकार बना लिया। कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उनके गहनों से भरा बैग लूट लिया। अचेत हालत में महिला यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में जीआरपी ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्जापुर के जिगना निवासी विंदेश्वर बिंद ने प्रयागराज जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 अक्तूबर को उसकी पत्नी ममता, सास, दोनों साली के साथ कालिंदी एक्सप्रेस से फिरोजाबाद से चली। इस बीच एक शातिर ने खुद को पत्नी का मामा बताकर झांसा दिया। कोल्ड ड्रिंक पिला दिया, जिससे सभी अचेत हालत में हो गए। उनका सामान लेकर चला। इस बीच जब फोन से बातचीत हुई तो उनकी पत्नी ने कहानी बताई। विंदेश्वर बिंद ने अपने भाई अखिलेश्वर को प्रयागराज जंक्शन पर भेजा। अखिलेश्वर ने अचेत हालत में मिले अपने परिजनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रयागराज जीआरपी ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मेजा निवासी 60 वर्षीय राजेंद्र भारतीय की पहचानकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र शातिर जहरखुरान है। उसके खिलाफ 17 मामले दर्ज हैं।

# राष्ट्रीय रामायण मेला की सकुशलता हेतु जगतगुरु वासुदेवानंद ने किया गंगा पूजन

प्रयागराज(आरएनएस)। श्रृंगवेरपुर धाम के 35 वें राष्ट्रीय रामायण मेला की सकुशलता हेतु आज मां भगवती गंगा जी के तट पर श्रृंगवेरपुर धाम में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय रामायण मेला की स्थापना सन 1990 मैं की गई थी जिसका आयोजन प्रतिवर्ष देवोत्थान एकादशी से प्रारंभ होकर कार्तिक पूर्णिमा को संपन्न होता है इस वर्ष यह राष्ट्रीय रामायण मेला 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 15 नवंबर को संपन्न होगा। गंगा पूजन के पश्चात जगतगुरु स्वामी ने अपने संबोधन में कहा श्रृंगवेरपुर धाम का महत्व अयोध्या चित्रकूट और रामेश्वरम से कम नहीं है। श्रृंगी ऋषि के द्वारा अयोध्या में जाकर पुत्रेष्टि यज्ञ कराना और भगवान श्री राम का वनवास काल में यहां विश्राम करना केवट की सेवा शर्तों के आधार पर केवट की नैया से गंगा पार जाना, शिव पार्थिव निर्माण कर भगवान शिव का पूजन करना आदि श्रृंगवेरपुर धाम के महत्व को प्रतिष्ठापित करता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री हनुमानगढ़ी रामचौरा घाट के महंत स्वामी श्री कमल दास जी महाराज ने आयोजको की सराहना करते हुए सकुशल राष्ट्रीय रामायण मेला संपन्न होने का आशीर्वाद दिया कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने किया तथा मां भगवती गंगा जी का पूजन एवं आरती तीर्थ पुरोहित समाज के अध्यक्ष काली सहाय त्रिपाठी के साथ आचार्य तीर्थ पुरोहित कृ ष्ण कुमार त्रिपाठी ने संपन्न कराया। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण पांडे, उपाध्यक्ष जे एन यादव, सिया राम सरोज, संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी, निषाद राज की परंपरा में डॉ बी के कश्यप केवट परंपरा के अंतर्गत कमलेश मेला के सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जूना अखाड़े का नगर प्रवेश आज

## सुसज्जित रथ और बग्घियों के साथ संगम तट पर पहुंचेंगे संत- महंत

## किन्नर अखाड़ा भी आज करेगा नगर प्रवेश

प्रयागराज(आरएनएस)। कुभ महापर्व के लिए श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा का नगर प्रवेश व भूमि पूजन रविवार तीन नवंबर को होगा। उस दिन देश विदेश से आए संत प्रयागराज में नगर प्रवेश करेंगे। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि कुंभ महापर्व तीन नवंबर से फरवरी तक चलेगा, जिसमें देश–विदेश से लाखों संत व करोडों भक्त भाग लेंगे।संतों का नगर प्रवेश रविवार तीन नवंबर को होगा। साथ ही कुंभ महापर्व के दौरान किसी प्रकार का कोई विघ्न ना आए और किसी को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए रविवार को ही श्री पंच दशनाम जूना अखाडेद्द के द्वारा शनिदेव, यमुना व धर्मराज का पूजन किया जाएगा। नगर प्रवेश यात्रा रामापुर से शुरू होगी और श्री मौजगिरिश्री पंच दशनाम अखाडेद्द तक जाएगी। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि के दिशा निर्देशन में नगर प्रवेश यात्रा में रमता पंच, श्री पंच, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा, जूना अखाडा, अखाडा परिषद समेत सभी अखाड़ों के संत शामिल होंगे। जगद्गुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर महेंद्रानंद गिरि महाराज, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, पूर्व सभापति श्रीमहंत उमा भारती महाराज, श्रीमहंत पृथ्वी गिरि महाराज, श्रीमहंत केदारपुरी महाराज, श्रीमहत सिद्धेश्वर यति महाराज, श्रीमहंत प्रेम भारती महाराज, श्रीमहंत शांति गिरि महाराज, श्रीमहंत राम गिरि महााज, श्रीमहंत सिद्धेश्वर गिरि महाराज, श्रीमहंत धनंजय गिरि महाराज, श्रीमहंत मुकुंद पुरी महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, श्रीमहंत गणपत गिरि महाराज मौजूद रहे।

# फूलपुर सीट को कांग्रेस ने प्रतिष्ठा से जोड़ा

## इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत का किया दावा

प्रयागराज(आरएनएस)। फूलपुर उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत को लेकर कांग्रेस ने भी अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है। बीते शुक्रवार को फूलपुर के वीरकाजी में हुई सपा एवं कांग्रेस के नेताओं, पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में आवश्यक अगली चुनावी रणनीति तैयार की गई। कांग्रेस के नेता एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि यह चुनाव केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों, भाजपा नेताओं द्वारा लगातार दिए जा रहे सांप्रदायिक एवं भाईचारे विरोधी बयान, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार जैसे अनगिनत मुद्दों को लेकर सरकार बनाम आम जनता का हो रहा है। उन्होंने कहा कि फूलपुर की सीट कांग्रेस के लिये भी प्रतिष्ठा बन गई है। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुग्रह नारायण सिंह ने दावा किया कि उप चुनाव में कांग्रेस के नेता एवं संगठन के लोग सपा के साथ जोन एवं बूथ स्तर पर तालमेल बनाकर पूरे जी जान से गठबंधन के प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी को जिताने में जुटेंगे।सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि इस उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की जीत देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिये किये जा रहे संघर्ष को और गति प्रदान करेगा। इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार हाजी मुजतबा सिद्दीकी ने आये हुए नेताओं, पदाधिकारियों से घर घर, जन जन संपर्क अभियान को और अधिक तेज कर समर्थन जुटाने की अपील की। गठबंधन की संयुक्त बैठक में सांसद उज्जवल रमण सिंह, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, प्रत्याशी हाजी मुजताब सिद्दीकी, सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, प्रभारी संदीप यादव, शकील इस्माइल, प्रदीप मिश्र अंशुमान, अरुण तिवारी,राम सुमेर पाल, राम अवध ा पाल, डॉ राजेश यादव, आदि सहित गठबंधन के तमाम नेता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# खोरा गांव में रामलीला का हुआ समापन

कौशाम्बी। मंझनपुर के खोरा गांव में शुक्रवार को रामलीला का समापन हो गया। इस दौरान मेला लगाकर आकर्षक चौंकिया निकाली गई। इस दौरान हजारों लोगो की भीड़ मेले में नजर आई।खोरा गांव मे हर वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला मंचन का आयोजन किया गया था। इस दौरान आए कलाकारों के आकर्षक मंचन को देखकर श्रद्धालु भावविभोर रहें शुक्रवार को रामलीला का समापन किया गया साथ ही मेले लगाया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष धनराज सिंह ने बताया कि मेला की परम्परा वर्ष 1980 से लगातार चली आ रहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से कमेटी कार्यकर्ताओं के अलावा पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। मेले में खोरा गांव के अलावा महुआ अखाड़ा, पासिनहार, ननुहा का पूरा, भेलखा, मंझनपुर सहित आसपास गांव के लोग आए।

# कलह से तंग अधेड़ ने खुद को मारी गोली, मौत

टेवां, कौशाम्बी। मंझनपुर क्षेत्र के देवी दयाल का पूरा गांव में घरेलू कलह से तंग अधेड़ ने अपनी कनपटी पर तमंचा रखकर फायर कर दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद से परिवार वालों का रो–रो कर बुरा हाल है।देवी दयाल का पूरा निवासी 50 वर्षीय राम मनोहर सरोज खेती करके परिवार का भरण पोषण करते थे। आये दिन किसी न किसी बात को लेकर राम मनोहर का परिवार वालों से कहासुनी हुआ करती थी। इसे लेकर वह काफी परेशान रहा करता था। परिवार वालों का कहना है कि शुक्रवार की रात भी कहासुनी के बाद राममनोहर अपने कमरे में चले गये। इसके बाद तमंचा से कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। फायर की आवाज सुनकर परिवार वाले कमरे की ओर गये। राममनोहर की खून से लथपथ लाश देख होश उड़ गये। रोने–चीखने की आवाज सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिवार वालों से पूछताछ के बाद पुलिस ने कानूनी औपचारिकता पूरी की।

# संदिग्ध दशा में किशोर लापता, अनहोनी की आशंका

कौशाम्बी। कड़ाधाम क्षेत्र के सौंरई बुजुर्ग का मजरा बक्सी का पूरा गांव में एक किशोर संदिग्ध दशा में लापता हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए पिता ने अनहोनी की आशंका जाहिर की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

बक्सी का पूरा निवासी सोहनलाल खेती करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका कहना है कि 29अक्टूबर को उनका नाबालिग बेटा साहिल बिना बताये घर से निकल गया। परिवार वालों ने सोचा कि वह किसी दोस्त के यहां गया होगा। सोहनलाल का कहना है कि कई घंटे बाद भी वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने साहिल की तलाश शुरू कर दी। साहिल के दोस्तों के अलावा तमाम रिश्तेदार व आसपास गांव में उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इस पर सोहनलाल ने शुक्रवार को कड़ाध ाम पुलिस ने गुहार लगाई।

# बहनोई व साले को बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

कौशाम्बी। पिपरी क्षेत्र के लोधौर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने बहनोई व साले को बेरहमी से पीटा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। लोधौर निवासी हुबलाल ने बताया कि गांव के ही सुखलाल ने उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसे लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है। एक नवंबर को हुबलाल का बेटा मिथलेश अपने बहनोई विजय बहादुर के साथ सामान खरीदने के लिए चौराहा की तरफ गया हुआ था। इस बीच सुखलाल अपने साथी ज्ञान सिंह, जय सिंह, मानसिंह, जयनेन्द्र, इंद्रजीत व निर्मला के साथ मौके पर पहुंचा और गाली–गलौज करने लगा। विरोध करने पर विपक्षियों ने विजय बहादुर व मिथलेश को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों ने बीच–बचाव किया। इस पर हमलावर धमकाते हुए भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# दो पक्षों में चली लाठी, आठ लोग घायल

## दोनों तरफ से शिकायत मिलने पर क्रास केस दर्ज

सिराथू। सैनी क्षेत्र के निंदूरा का मजरा मुगहरी गांव में गाली–गलौज को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी चली। मारपीट में दोनों तरफ से आठ लोग घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और दोनों तरफ से मिली तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज किया।मुंगहरी निवासी उमर अली खेती करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका गांव के ही राजकुमार से रंजिश चली आ रही है। अक्सर किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ करता है। गुरूवार की रात भी किसी बात को लेकर दोनों पक्ष में गाली–गलौज होने लगी। देखते ही देखते कई लोग लाठी व राड लेकर आ गये और एक–दूसरे पर हमला बोल दिया। मारपीट में उमर अली पक्ष से मुश्ताक, परवीन, जाकिब, वाजिद, नबी अहमद व दूसरे पक्ष से नंदलाल, पुष्पा व दीपक घायल हो गये। ग्रामीणों ने बीच–बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने राजकुमार की तहरीर पर सोनू, उमर अली व उमर अली की तहरीर पर राजू, नंदलाल, राजेंद्र व प्रदीप के खिलाफ केस दर्ज किया।

# दबंगों ने किया तोड़फोड़ व ढहाया घर, केस दर्ज

कौशाम्बी। संदीपन घाट क्षेत्र के उमरछा गांव में दबंगों ने भूमि विवाद को लेकर घर ढहा दिया और तोड़फोड़ किया। शिकायत पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया।उमरछा निवासी हरिओम शरण खेती करते हैं। उनका कहना है कि गांव के ही विजय सिंह ने उनकी भूमि व मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। इसे लेकर वह अक्सर झगड़ा पर आमादा रहते हैं। 31 अक्टूबर को भी विपक्षी विजय सिंह अपने साथी कल्लू, मनोज, अशोक, शीतला, शिवबाबू, ऋषभ व वरूण ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और गृहस्थी का सामान तोड़फोड़ दिया।

# आवारा पशु ने युवक पर किया हमला,जख्मी

सैनी, कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक कस्बे का रहने वाला एक युवक खेत गया था जहां एक आवारा पशु ने युवक पर हमला कर जख्मी कर दियाव, घरवालों ने जख्मी युवक को इलाज के लिए कड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के वार्ड नं नौ राधा कृष्ण नगर निवासी इमरान अहमद पुत्र इस्तियाक अहमद 20 वर्ष शुक्रवार को खेत की ओर गया था जहां एक आवारा पशु ने युवक पर हमला कर दिया जिसमें युवक जख्मी हो गया , मामले की जानकारी घरवालों को मिली तो युवक को इलाज के लिए कड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# दलित बस्ती में गोमती मित्रों ने पहुँच कर दिवाली मनाई

सुल्तानपुर (आरएनएस)। "जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए" कवि गोपाल दास नीरज की इन पंक्तियों को चरित्राथ करते हुए व सामाजिक समरसता के भाव को जागृत करने के लिए गोमती मित्र मंडल ने इस वर्ष दीपावली का पर्व एकदम अलग तरीके से नगर से 35 किलोमीटर दूर जयसिंहपुर ब्लाक के डोमापारा गांव में स्थित दलित बस्ती में दलित भाइयों के साथ पूरी मस्ती और उत्साह के साथ मनाया। ग्रामीणों ने भी इस मौके का न केवल आनंद लिया बल्कि अत्यधिक भाव विभोर दिखे कारण बिना किसी राजनीति के सामाजिक भावनाओं के साथ किसी सामाजिक संगठन द्वारा उनके बीच में उनके साथ मनाया जाने वाला दीपावली के पर्व का यह अवसर उनके लिए एकदम अलग सा था। हर घर में दीपों का प्रज्वलन किया गया, सामूहिक आरती हुई व प्रत्येक परिवार को लाइ, खील, बताशे व मिष्ठान का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान रौनक सिंह व ओ.एस.डी उच्च शिक्षा नागालैंड सरकार रत्नेश पांडे ने गोमती मित्रों के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की,संरक्षक डॉक्टर सुधाकर सिंह व प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने ग्रामीणों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि हम बीच–बीच में आते रहेंगे, ग्राम प्रधान रौनक सिंह से आग्रह किया गया कि किसी रविवार को शाम होने वाली आरती में अधिक से अधिक ग्रामीणों को लेकर पहुंचें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक डॉ सुधाकर सिंह,प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह,दिनेशानंद महाराज,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,ग्राम प्रधान रौनक सिंह,राजेंद्र शर्मा, राकेश सिंह दद्दू, रत्नेश पान्डेय, राम क्विंचल मौर्य, मुन्ना पाठक, अजय प्रताप सिंह, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, आलोक तिवारी, सन्तोष सैनी, अनुज सिंह, सोनू सिंह, राजा भैया, सुजीत कसौधन, विनय सिंह, सत्यम् सिंह, संदीपू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाजयुमो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में याद किए गए लौह पुरुष

सुलतानपुर। एकता दिवस के शुभ अवसर पर 'भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष की अगुआई में शहर के पंत स्टेडियम के नजदीक बारात घर से 5 किमी की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का माल्यार्पण करने के उपरांत चन्दन सिंह ने बताया सरदार पटेल जी हम युवायों के आदर्श हैं उनके द्वारा राष्ट्र को एक धागे में फिरोना व कठोर परिश्रम, अनुशासन और आत्मनिर्भरता रास्ट्रभक्ति जैसे गुण, जो उनके नेतृत्व और सेवा के दृष्टिकोण को परिभाषित करती हैं । सैकड़ों की संख्या में मौजूद खिलाडियों को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी देकर रवाना किया। व्यवस्थापक शचींद्र शुक्ल, गौरव मौर्य' एवं ऑफिशियल की देख रेख में प्रतियोगिता दीवानी मोड, गोलाघाट, बस स्टेशन, पंचरास्ता दरियापुर, शाहगंज, डाकखाना, तिकोनिया पार्क होते हुए पुनः बारात घर पर समाप्त हुई। पुरुष वर्ग में इंदर चौधरी ने जीत दर्ज की, कुलदीप यादव, सतीश गौड़ क्रमशः दुसरे व तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में शाहीन बानो प्रथम, माधुरी यादव द्वितीय एवं मंत्शा बानो को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर 'विभिन्न खेलों में योगदान देने वाले गुरुजनों को भी सम्मानित किया गया' जिसमें जिला वॉलीबाल संघ के कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्र, कबड्डी संघ सचिव महेश यादव, बॉक्सिंग को विजय यादव बॉक्सर, त्यागी बाबा स्टेडियम से राकेश कुमार, पूर्व खिलाड़ी उदय राज सिंह, लखन बाबा ग्राउंड से कृपा शंकर यादव, पैगापुर एथलेटिक्स के नूरैन आलम, ताइक्वांडो कोच प्रणय चंद्र शुक्ल रहे।

# एडिशनल एसपी 'रोमी' का निधन, पुलिस अफसरों ने दी अश्रुपूरित विदाई

सुलतानपुर (आरएनएस)। पुलिस विभाग के डॉग स्क्वायड में तैनात मादा स्वान टिल्ली उर्फ रोमी के निधन पर रिजर्व पुलिस लाइन में अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। वह विभाग में एडिशनल एसपी के रैंक पद पर तैनात थी। टिल्ली उर्फ रोमी ने कई आपराधिक मामलों को सुलझाने में मदद की थी' पुलिस विभाग के डॉग स्क्वायड में तैनात मादा स्वान टिल्ली उर्फ रोमी की बीमारी के चलते निधन हो गया। टिल्ली उर्फ रोमी वर्ष 2014 से जनपद में तैनात थी तथा एडिशनल एसपी के रैंक पर रही। टिल्ली उर्फ रोमी ने पुलिस विभाग में रहते हुए 55 अभियोगों तथा अपराधियों को पकडवानें व महत्वपूर्ण घटनाओं का खुलासा करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। आज पुलिस लाइन में टिल्ली उर्फ रोमी को पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा श्रद्धांजलि तथा पुष्पचक्र अर्पित करने के बाद टिल्ली उर्फ रोमी का अंतिम संस्कार किया गया।

# लिफ्ट लेने के बहाने बाइक ले उड़े टप्पेबाज

सुल्तानपुर (आरएनएस)। टप्पेबाजों की जोड़ी लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। नगर कोतवाली, कुड़वार समेत कई स्थानों पर हुई टप्पेबाजों के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते कुड़वार में भी टप्पेबाजी की घटना हो गयी। कयास लगाया जा रहा है कि यह दोनों टप्पेबाज बीच–बीच में वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पीड़ित अपनी दास्तान को लेकर दर–दर भटक रहे हैं।

बताते चले कि कुड़वार थाना क्षेत्र के सुरेन्द्र कुमार सालिक राम कोरी निवासी ग्राम हरखपुर निवासी बीते दिन अपने मामा के यहां गया था। सुलतानपुर से वापस आते समय कुडवार बाजार में कुछ घरेलू सामान लेने लगा तो एक अज्ञात व्यक्ति आया और बोला कि चाचा हम दोनों को भी साथ ले चलिए। पीड़ित ने दया दिखाते हुए हमने बाइक की चाभी अज्ञात व्यक्ति को गाडी चलाने के लिए चाभी दे दी। मेरी मोटर सायकिल पर उक्त अज्ञात व्यक्ति कुछ दूर स्थित धर्मा देवी महाविद्यालय की तरफ ले गया तथा रास्ते में लघुशंका करने के बहाने बाइक रोकी और मुझे उतार कर मोटर सायकिल लेकर चला गया। कुड़वार थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा का कहना है कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर साक्ष्य कंगाले जा रहे है।

---

# परंपरा और आधुनिकता की व्याख्या बहुत आसान नहीं–डा. रघुवंशमणि

अयोध्या(आरएनएस)। जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद द्वारा 'परंपरा, आधुनिकता और साहित्य' विषय पर एक विचार–गोष्ठी का आयोजन जनमोर्चा सभागार में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध आलोचक डॉ. रघुवंशमणि ने कहा कि परंपरा और आधुनिकता की व्याख्या बहुत आसान नहीं है। आधुनिकता के संदर्भ में हमें ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को अवश्य देखना चाहिए और केवल विचार या साहित्य ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज में आधुनिकता को देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के लिए भौतिक परिस्थितियों– उदाहरण के लिए औद्योगिकीकरण के सापेक्ष समय को देखा जाना चाहिए। उनके अनुसार विभिन्न समयों में आधुनिकता के तत्व मिल सकते हैं लेकिन बिना ऐतिहासिक समग्रता के उसे आधुनिक समय कह देना उचित नहीं है। उन्होंने मार्क्स, डार्विन और फ्रायड का नाम लेते हुए कहा कि इन तीन चिंतकों ने जीवन और समाज को नये तरीके से व्याख्यायित किया, इन्हें आधुनिकता का जन्मदाता कहा जा सकता है। इन विचारकों ने चिंतन की धार्मिक दृष्टि को बदल कर तार्किक और तथ्य आधारित प्रविधि का सूत्रपात किया। डॉ रघुवंशमणि के अनुसार हम किसी लेखक को उसके युग के सापेक्ष ही देख सकते हैं, लेखक में कमियों का होना स्वाभाविक है, विश्व में आधुनिकता के विचार का विकास अलग–अलग रूपों में हुआ। उन्होंने कहा कि समय में। जो नैरंतर्य है, वही परंपरा है भले वह सही हो या गलत। परंपरा का निर्धारण हमारे समय और विचारों से ही संभव है, जिसके लिए इतिहासबोध अत्यंत आवश्यक है। राम विलास शर्मा ने प्रगतिशील परंपरा के तत्वों को प्राचीन ग्रंथों में देखने की कोशिश करते हैं, यह परंपरा को रेखांकित करने का काम था। महान साहित्यकारों और विचारकों ने आधुनिकता के वाहक के रूप में बहुत कठिन जीवन जिया, उनके जीवन और सृजन में फाँक नहीं थी। हिंदी में अस्तित्ववादी चिंतन को अग्राह्य माना गया और उसकी वैचारिकी को कई आलोचकों ने खघरिज कर दिया। उनके अनुसार जब सार्त्र ने कहा कि मनुष्य दी हुई परिस्थितियों में स्वतंत्र होता है, तो यह वास्तविक आधुनिक चिंतन था। इसके पहले शोभा अक्षर ने कहा कि आधुनिकता एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद अपने लेखन में कहीं बहुत आधुनिक प्रतीत होते हैं तो कहीं बहुत रूढ़िवादी लगते हैं। उनके अनुसार आधुनिकता समकालीनता नहीं है बल्कि कई बार बहुत पुराने लेखक उदाहरण के लिए अक्क महादेवी या ललद्यद बहुत आधुनिक संदर्भों से समृद्ध नजर आते हैं। शोभा जी ने साहित्य में आधुनिकता को किसी कालखंड में बाँटने का विरोध किया। उनके अनुसार प्रेमचंद के बाद अज्ञेय आते हैं, जिनके बिना आधुनिकता की कोई बात नहीं की जा सकती। परंपरा का सार्थक प्रयोग हम आधुनिक परिप्रेक्ष्य में सकारात्मक रूप में कर सकते हैं। हमको नित्य अपने को आधुनिक बनाते रहना चाहिए। शोभा जी के अनुसार नई अस्मिताओं के विमर्श यथा स्त्री विमर्श या दलित विमर्श को आधुनिकताबोध के माध्यम से ही समझा जा सकता है। इसके पहले विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि परंपरा और आधुनिकता दोनों शब्द साहित्य के इतिहास में बहुतायत से प्रयुक्त हुए हैं। उनके अनुसार कोई कवि या लेखक कितना भी आधुनिक हो जाये, वह कभी अपनी परंपरा से असंपृक्त नहीं हो सकता, उसके लिखने में हजारों सालों की परंपरा की प्रतिध्वनि होती है। परंपरा सदैव अपने मूल रूप में स्वीकृत नहीं होती और उसकी स्वीकार्य बातों को ग्रहण करते हुए बाकी को छोड़ना होता है।

# यातायात माह नवम्बर –2024 का उद्घाटन समारोह

## सैकड़ों प्रचार वाह्न को एसपी ने दिखाई हरी झंडी

सुलतानपुर (आरएनएस)। शहर के बस स्टेशन स्थित ट्रैफिक बूथ के निकट यातायात माह का हुआ शुभारंभ हुआ। यातायात माह नवम्बर के उद्घाटन समारोह के अंत में जागरूकता रैली को एसपी सोमेन बर्मा ने हरी झंडी दिखाई। सैकड़ों वाहन ट्रैफिक बूथ बसअड्डा पर पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने आम जनमानस से की अपील । उन्होंने कहा कि टू व्हीलर चलाने वाले हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। स्पीड नियंत्रित रखें। वहीं बढ़ते सड़क हादसे पर एसपी सोमेन वर्मा ने चिंता जताई और कहा कि सड़क हादसे की मृत्यु दर 50□ से कम लाना है और अगर हमको जरूरत पड़ी तो डॉक्टर और वकील और सामाजिक संगठन को साथ लेकर चलेंगे। इस मौके पर जागरूकता पखवारा माह में अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे। एआरएम विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि यदि चलती रोडवेज में किसी ड्राइवर को नींद आ रही तो दुर्घटना को रोकने के लिए चार बसों में स्लीप एलर्ट लगाया गया है। उन्होंने कहा कि चलती बसों में ड्राइवर द्वारा मोबाइल पर बात करने पर वीडियो, क्लिप मिलती है तो ड्राइवर पर दंडात्मक कार्रवाई होती है। ऐसी सूचना देने वाले को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। मोबाइल पर बात करने वाले बस ड्राइवर यदि दो बार यातायात नियमों को तोड़ते हैं तो तीसरी गलती पर बर्खास्तगी की कार्रवाई होती है। संचालन कर रहे पत्रकार अनिल द्विवेदी ने कई दुर्घटनाओं का जिक्र कर ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील किया। साथ ही कई संघठनों से जुड़कर उन्होंने यातायात जागरूकता अभियान छेड़ने की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय ने एक किस्से का जिक्र कर कहा कि पूर्व टीएसआई अनूप सिंह के साथ एक नाबालिग बच्चे को बाइक चलाते हुए कहा कि वह एक दीवान का बच्चा था, फोन करके बच्चे के पिता जी को बुलाकर समझाया गया। इसी तरह प्रत्येक पिता को जागरूक करने की जरूरत है। इस मौके पर यातायात क्षेत्राधिकारी रमेश ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि जनपद में यातायात नियमों का पालन करें। क्योकि सर्वाधिक दुर्घटनाओं के कारण ही आज मौतें हो रही हैं। पीड़ित परिवार को इससे उबरना बेहद मुश्किल होता है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राम निरंजन ने अपील किया कि कोई भी अभिभावक अपने बच्चे को तब तक बाइक चलाने की अनुमति न दें जब तक वह बालिग न हो जाये। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जनजागरण की जरूरत है। एक छोटी सी गलती हादसों में तब्दील हो जाती है इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है।

एक सवाल के जवाब में एसपी सुल्तानपुर ने कहा कि यातायात माह नवंबर मनाया जा रहा है। कानफोड़ू साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ भी अभियान छेड़ा जा रहा है। शांति भंग करने वाले ऐसे वाहनों पर जल्द अभियान और तेज किया जाएगा। नियम विपरीत तेज ध्वनि वाले वाहनों को कब्जे में लिया जाएगा। चालान किया जाएगा तथा जरूरत पड़ी तो कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। इस मौके पर एडिशन एसपी अखण्ड प्रताप सिंह, यूनिक फाउंडेशन के अनूप, समाजसेवी आशीष अग्रवाल, दिवान अरविंद कुमार, विनय कुमार, बलराम चौरसिया, जेपी मौर्या टीएसआई काजी हुजूर आलम, नरेंद्र बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल श्रीकांत यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिन्हें सत्य की विजय पर विश्वास हो वे ही हमारे साथ चलें– श्यामलाल

सुलतानपुर (आरएनएस)। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में विकास खण्ड दूबेपुर के कटावां में श्यामजीत निषाद के नेतृत्व व रमन निषाद के संरक्षण में शिक्षा जागरूकता मीटिंग की गई।

मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल "गुरुजी" ने कहा कि 75 वर्ष पूर्व हमारे पुरखे बाबा साहब ने दस्तावेज लिख कर बता दिया है कि 'मेरे बच्चों! देश भारत तुम्हारा है और देश के संसाधन–सत्ता पर तुम्हारा बराबर का हिस्सा है। फिर भी अज्ञानता में हमारे लोग गुलामी का जीवन जी रहे हैं! हमें अपने पुरखे द्वारा बताए हुए कांटेदार रास्ते पर चलकर सभी बाधाओं का वध करते हुए अपने लोगों के लिए समाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, स्वतंत्रता–समानता को हासिल करना है। हमारे जो भाई–बहन मुसीबत उठाने से न डरते हों, जिन्हें सत्य की विजय पर विश्वास हो वे ही हमारे साथ चलें। इस मौके पर मोस्ट प्रदेश कमेटी बाबू रज्जन प्रसाद, मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र निषाद, हरिश्चंद्र निषाद 'नेताजी', राम मिलन बौद्ध, प्रेम निषाद 'राइडर', धर्मराज बौद्ध, शशि प्रताप निषाद, आयुष, रंजीत कुमार निषाद, सुभाष कुमार निषाद, दुर्गेश कुमार निषाद, विशाल निषाद, दीपक निषाद, दिनेश निषाद, सोहन निषाद, मनीष निषाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लापरवाही पर लगेगी लगाम, मरीज को इलाज में नहीं होगी परेशानी– सीएमओ

सुल्तानपुर। अस्पताल में तैनात डॉक्टर, नर्स, वार्डब्वाय, पैरामेडिकल स्टाफ को अब पोर्टल पर अपनी लाइव लोकेशन के साथ सेल्फी अपलोड करना अनिवार्य होगा, तभी उनकी उपस्थित दर्ज मानी जाएगी अन्यथा उन्हें गैर हाजिर मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी अस्पतालों की लापरवाही सुधारने पर सीएमओ डॉक्टर ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि अभी अस्पतालों में डॉक्टरों के अनुपस्थिती रहने की सबसे ज्यादा शिकायती मिल रही। इसके लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को लेकर कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। लाइव लोकेशन से हाजिरी लगने से अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को बहाना बाजी छोड़कर रोजाना ड्यूटी पर जाना ही होगा लापरवाह कर्मियों पर नकेल कसने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ की गैरहाजिर रहने की शिकायत पत्रकारों व आम लोगों के माध्यम से मिल रही है। चिकित्सा कितनी लापरवाह हो गए हैं कि अस्पताल में तलती लेने के बाद कई डॉक्टर अपना निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं सरकार व शासन सख्त है

डॉक्टर का स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दे दिए गए हैं। सीएचसी, पीएससी, समेत सभी स्थानों पर तैनात चिकित्सक का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। डॉ. ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि डॉक्टर के लापरवाही पर अंकुश लगेगा और मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

---

# .बलिदान स्थल पर हुतात्माओं को नमन करते अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला व अन्य

## दिगम्बर अखाड़ा बलिदान स्थल पर हुतात्माओं को किया नमन

अयोध्या(आरएनएस)। 2 नवंबर 1990 को ठीक 34 साल पूर्व समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सरकार ने अयोध्या में कारसेवा करने आए राम भक्तों पर गोली चलाकर उनकी हत्या की थी जिसमें कोठारी बंधु राम कुमार कोठारी एवं शरद कोठारी पर गोली चला कर निहत्ते राम भक्तों को रक्त रंजित कर दिया था, 2 नवंबर को दिगंबर अखाड़ा स्थित बलिदान स्थल पर पूज्य महंत सुरेश दास महाराज के नेतृत्व में उन हुतात्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया जिन्होंने श्री राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे ,अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि हुतात्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि ,श्री राम मंदिर निर्माण के रूप में दी जा रही है आज हजारों राम भक्तों के सपने साकार हो रहे हैं अयोध्या में दिव्य और अलौकिक मंदिर का निर्माण उन हुतात्माओं को शांति प्रदान कर रहा है भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि कार सेवकों का बलिदान यह अयोध्या हमेशा याद रखेगी उनको कभी भी विस्मृति नहीं किया जा सकता वह हमेशा अयोध्या में याद किए जाएंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम लखन दास महाराज विपिन पुरोहित गोविंद पुजारी अजय ओझा प्रशांत शुक्ला बाबा शिवलोचन दास शास्त्री एवं मनीष पांडे मौजूद रहे।

# जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं ने मनाया राजा भैया का 55वां जन्मदिन

अयोध्या(आरएनएस)। कुंडा के विधायक जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का 55वॉ जन्मदिन मलिन बस्ती कुष्ठ आश्रम में भोजन वॉ फल बाट कर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह उर्फ जेडी ने बताया कि आज हम लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का 55वां जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ गरीबों में कुष्ठ आश्रम में अम्मा रसोई के माध्यम से भोजन और फल वितरण हम लोगों ने किया है मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लगभग 500 वर्षों से प्रतीक्षा के बाद प्रथम दीपावली के पावन पर्व पर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन पड़ा यह बड़े सौभाग्य और परम सौभाग्य की बात है। हम लोगों के लिए भी बड़े गौरव की बात है इसके लिए अभी कुंवार रघु राज प्रताप सिंह जी को जन्मदिन की बधाई देते हैं इस मौके पर महेंद्र चौरसिया, सुमित सिंह, सैफ कुरैशी, विनय सिंह मोनू, सत्यदीप सिंह, गोलू सिंह आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम के हाथों उपहार पाकर पाकर खिले बच्चों के चेहरे

–दीपोत्सव के बाद मुख्यमंत्री ने दलित बस्ती में महिलाओं व बच्चों में वितरित किया मिठाई और वस्त्र

अयोध्या(आरएनएस)। भव्य दीपोत्सव के अलगे दिन सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के अभिराम दास वार्ड स्थित मीरापुर बुलंदी दलित बस्ती पहुंचे। यहां उन्होंने दलित महिलाओं को दीपावली पर उपहारस्वरूप मिठाई व वस्त्र वितरित किये साथ ही छोटे बच्चों को चॉकलेट भी दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ प्रतिवर्ष दीपावली का पर्व दलितों प आदिवासियों के संग मनाते हैं।

# यम द्वितीया पर जमथरा घाट पर उमड़े श्रद्धालु

## –सरयू किनारे बने घाट पर की यमराज की पूजा

अयोध्या(आरएनएस)। राम की नगरी अयोध्या में वैसे तो भगवान की पूजा रोज होती है लेकिन एक दिन ऐसा भी है जो साल में एक बार यमराज का भी आता है और उनकी की भी पूजा होती है। काल देवता माने जाने वाले यमराज की पूजा दीपावली के तीसरे दिन यमद्वितीया को सरयू घाट के यमथरा घाट पर होती है।यंहा पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर महाराज यमराज की तपोस्थली पर पूजा अर्चन कर खुद को भयमुक्त करने की कामना करते है। प्राचीन मान्यताओं को संजोए हुए सरयू तट पर स्थित यमराज की तपोस्थली माने जाने वाले यमथरा घाट पर कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया के अवसर पर परंपरागत ढंग से यम द्वितीया का मेला लगता है और वहां पर महाराज यमराज की पूजा होती है। सुबह से ही श्रद्धालु सरयू में स्नान कर दीर्घायु होने की कामना लेकर यमराज की पूजा अर्चना करते हैं।विशेषकर यम द्वितीया को बहने व्रत रखकर अपने भाई के कल्याण और दीर्घायु होने की भी कामना लेकर यमथरा घाट पर स्नान और यमराज की पूजा अर्चना करती है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यमराज ने इस तपोस्थली को अयोध्या माता से प्राप्त किया था और मान्यता है कि यमराज महाराज की पूजा–अर्चना करने वालों को यमराज से भय नहीं लगता और इन्हीं कामनाओ को लेकर यमथरा घाट पर महाराज यमराज की पूजा अर्चना होती है।इसके साथ ही दिवाली में पूजा की गयी गणेश लक्ष्मी की मूर्ति को भी आज के दिन सरयू में विसर्जित भी करते है।

# पुलिस ने डकैती की साजिश को किया नाकाम

गोसाईंगंज–अयोध्या(आरएनएस)। दीपावली की रात पूराबाजार में सर्राफा व्यवसायी के यहां डकैती डालने जा रहे डकैतों की योजना को पुलिस ने नाकाम कर दिया। पुलिस ने पांच डकैतो को गिरफ्तार किया है जिसमे तीन महिलाएं भी शामिल है। यह अंतर्जनपदीय बताए गए है। गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पूरा बाजार के निकट चरेरा गांव की झाड़ियों में छिपे पांच संदिग्धों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। ये लोग पूराबाजार जे आभूषण व्यवसायी बाबूराम सर्राफ और अजय सर्राफ की ज्वेलरी दुकान में डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस ने मौके से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, हथौड़ी, लोहे का बेलन, और अन्य औजार बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में दो पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं, जिनके खिलाफ लूट की योजना बनाने, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपनी पहचान चंदन पुत्र फूलचंद ,आरती पत्नी चंदन निवासी बड़ागांव घोषी जनपद मऊ ,अजय पुत्र गड्डन निवासी भौराहां विरनो गाजीपुर,किरन पत्नी रमेश निवासी हुन्दरही नोनहरा गाजीपुर आरती पत्नी आकाश निवासी रसूलपुर ,भांवरकोल गाजीपुर बताया है।एसएचओ राजेश सिंह के मुताबिक अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया और इनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है

# नहीं दी एक लाख रुपये रंगदारी तो दबंगो ने दुकान में मचाया तोड़फोड़

अयोध्या(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माफिया मुक्त प्रदेश की घोषणा कर रहे हैं लेकिन दबंगों पर खघैफ नहीं हो पा रहा है। दीपावली की रात जनपद के थाना महराजगंज इलाके के नारा गांव में बेखौफ दबंगों ने एक लाख की रंगदारी न देने पर तेजभान सिंह जनरल स्टोर सहित उसके घर पर जमकर उत्पात मचाया। पीड़ित का आरोप है कि नशे में धुत दबंगों ने लाठी डंडों से लैस होकर धावा बोल दिया और जमकर तोड़फोड़ की। मामले में केस दर्ज किए जाने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि एक आरोपी फरार हो गया है।महराजगंज पुलिस को दिए गए तहरीर में गांव निवासी पीड़ित उमेश सिंह का कहना है कि शिवम सिंह और उसके सहयोगी विपिन सिंह, विष्णु सिंह पिछले कई दिनों से उससे एक लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे थे। रंगदारी नहीं मिलने पर नाराज होकर लाठी–डंडे और हथियारों के साथ तेजभान सिंह के घर पर धावा बोल दिया। पीड़ित तेजभान सिंह आरोप है कि शिवम सिंह खुद को कुख्यात शूटर बताता है और जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने कहना है कि अगर पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की और भविष्य में उसे या उसके परिवार को कुछ भी होता है, तो इसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।एसएचओ महराजगंज राजेश सिंह के मुताबिक केस दर्जकर दो आरोपितों विपिन सिंह और विष्णु सिंह नारा गांव निवासी को गिरफ्तार किया गया है,जबकि एक अन्य आरोपी शिवम सिंह फरार है।जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# सांसद अवधेश प्रसाद पेट्रोलियम व प्रकृति गैस मंत्रालय कि सलाहकार समिति में हुए शामिल –सपा समर्थकों में खुशी का माहौल

अयोध्या(आरएनएस)। फैजाबाद लोकसभा सीट से जीतने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद को पेट्रोलियम और प्रकृति गैस मंत्रालय कि सलाहकार समिति में नियुक्त किया गया है जो कि भारत सरकार की तरफ से उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। अभी एक माह पूर्व ही अवधेश प्रसाद को रेल मंत्रालय समिति का सदस्य भी चुना गया था। इस पर अवधेश प्रसाद का कहना है कि ऐसे जिम्मेदार मंत्रालयों में मुझे सदस्य बनाया जाना मेरे लिए सम्मान की बात है मैं राष्ट्र के विकास के लिए और मंत्रालय के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह समर्पित रहूंगा। उन्होंने कहा कि हमारी अयोध्या की देवतुल्य जनता ने मुझे पर अपना विश्वास जताया और मुझे संसद में भेजने का कार्य किया है मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। यह उन्हीं का आशीर्वाद है जो मुझे इतनी जिम्मेदार पूर्वक मंत्रालय में जगह मिली है। मैं अयोध्या की जनता का पुनः आभार व्यक्त करता हूं। सपा सांसद के दो अहम मंत्रालयों में जिम्मेदारी मिलने से सपा समर्थको मे खुशी का माहौल है।

# दीपोत्सव आमन्त्रण विवाद में गरमाई सियासत

अयोध्या(आरएनएस)। विश्व कीर्तिमान रचने वाले अष्टम दीपोत्सव को लेकर विपक्ष के निशाने पर भाजपा आ गई है। अयोध्या (फैजाबाद) से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने दीपोत्सव में आमंत्रित नहीं किए जाने पर उत्सव में राजनीति का आरोप लगाया तो भाकपा नेता सूर्य कांत पाण्डेय ने धर्म की राजनीति करने का भाजपा पर आरोप जड़ा है। भाकपा नेता पांडेय ने अयोध्या में संपन्न दीपोत्सव में सांसद अवधेश प्रसाद को आमंत्रित ना करके धर्म की राजनीति का खुलासा किया। कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा नियंत्रित प्रशासन ने मौजूदा सांसद को आमंत्रित न करके संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं का अपमान किया है। जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे धार्मिक कर्मकांड पूर्णतया राजनीतिक फायदे के लिए है।इनका धर्म का धंधा टिकाऊ नहीं बिकाऊ है। भाजपा ने धर्म को पाखंड में बदलकर उसे धंधा बना दिया है। इन्होने समाज के बेरोजगार युवाओं का ध्यान भटकाने के लिए तमाम नयी नयी अप संस्कृतियों का ईजाद कर दिया है। भाकपा नेता ने कहा कि भाजपा ने यह गलत परंपरा डाली है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुए विस्फोट में पांच स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत



बलूचिस्तान प्रांत में एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में स्कूली बच्चों को ले जा रहे एक ऑटोरिक्शा में पांच बच्चों समेत कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। विस्फोट सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर सिविल अस्पताल चौक स्थित एक कन्या माध्यमिक स्कूल के पास हुआ।

इस्लामाबादध्कराची । पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में स्कूली बच्चों को ले जा रहे एक ऑटोरिक्शा में पांच बच्चों समेत कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। विस्फोट सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर प्रांत के मस्तुंग जिले के सिविल अस्पताल चौक स्थित एक कन्या माध्यमिक स्कूल के पास हुआ। मस्तुंग जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) मियांदाद उमरानी ने पुष्टि की कि विस्फोट के बाद पांच स्कूली बच्चों समेत सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा, घायलों की संख्या लगभग 27 है और कुछ घायलों को कुछ स्थानीय निवासी खुद ही अस्पतालों तक ले गए। लेकिन उमरानी ने कहा कि शुरुआत में मरने वालों की संख्या सात जबकि घायलों की संख्या करीब 17 थी। उन्होंने कहा कि कुछ घायलों की हालत गंभीर है। अब तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन जातीय बलूच आतंकवादी और तालिबान आतंकवादी अक्सर प्रांत में सुरक्षा बलों पर हमला करते हैं। उन्होंने कहा, टाइमर के जरिए किए गए आईईडी बम हमले का निशाना एक अस्पताल और एक हाई स्कूल के पास खड़ी पुलिस वैन थी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने एक खड़ी मोटरसाइकिल में छिपाकर रखे गए विस्फोटक पदार्थ को विस्फोट करने के लिए रिमोट कंट्रोल डिवाइस का इस्तेमाल किया। कलात डिवीजन के कमिश्नर नईम बाजई ने कहा, '' विस्फोट में आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का उपयोग हुआ था और इसका निशाना स्कूल के पास खड़ा पुलिस का एक वाहन था।'' पुलिस का वाहन जब आईईडी के करीब पहुंचा तो उसमें विस्फोट हो गया और एक स्कूल वैन भी इसकी चपेट में आ गई। विस्फोट में एक पुलिस वाहन और कई ऑटो–रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा, ''विस्फोट इतना जोरदार था कि घटना के वक्त स्कूल जा रहे स्कूली बच्चे भी इसकी जद में आ गए।'' हमले के बाद सीसीटीवी फुटेज में पुलिसकर्मी और अन्य लोग जले हुए वाहन के चारों ओर खड़े दिखाई दिए। इस बीच, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस विस्फोट की निंदा की और इसे ''अमानवीय'' करार दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने अब ''गरीब मजदूरों के साथ–साथ मासूम बच्चों को भी निशाना बनाया है''। उनका इशारा स्पष्ट तौर पर हाल में प्रांत के पंजगुर जिले में एक बांध निर्माण स्थल पर अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा किए गए हमले की ओर था, जिसमें पांच मजदूरों की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम मासूम बच्चों और लोगों की हत्या का बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि शहरी इलाकों में रहने वाले नागरिकों को भी आतंकवादियों पर नजर रखने की जरूरत है। बुगती ने कहा, आतंकवाद से केवल एकजुट होकर ही लड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने बच्चों को लक्षित किया, क्योंकि उन्होंने इसे आसान लक्ष्य समझा। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, विस्फोट के बाद समूचे क्वेटा में आपात स्थिति घोषित कर दी गयी है। खबर में प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है कि सभी चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों को बुलाया गया है।

# नाइजीरियां में बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए 29 किशोरों को मिल सकती है मौत की सजा

नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए 29 नाबालिग किशोरों को आरोपी बनाया गया और इस मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें मौत की सजा दी जा सकती है। अदालत में अपनी दलील रखने से पहले उनमें से चार किशोर थकावट के कारण बेहोश होकर गिर गए थे।अबुजा । नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए 29 नाबालिग किशोरों को आरोपी बनाया गया और इस मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें मौत की सजा दी जा सकती है। अदालत में अपनी दलील रखने से पहले उनमें से चार किशोर थकावट के कारण बेहोश होकर गिर गए थे। समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' द्वारा देखे गए आरोप पत्र के अनुसार, नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए कुल 76 प्रदर्शनकारियों पर 10 संगीन आरोप लगाए गए, जिनमें राजद्रोह, संपत्ति को नष्ट करना,



उपद्रव मचाना और विद्रोह करना शामिल हैं। आरोप पत्र के अनुसार, नाबालिगों की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच है। नाइजीरिया में जीवन जीने की लागत बढ़ने के कारण हाल के महीनों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं। युवाओं के लिए बेहतर अवसरों और नौकरियों की मांग को लेकर अगस्त में हुए प्रदर्शन के दौरान कम से कम 20 लोगों को गोली मार दी गई थी जिससे उनकी मौत हो गई थी और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। नाइजीरिया में मृत्युदंड की सजा 1970 के दशक में शुरू की गई थी, लेकिन 2016 के बाद से देश में किसी को भी मौत की सजा नहीं दी गई। अबुजा के एक निजी वकील अकिंतयो बालोगन ने कहा कि बाल अधिकार अधिनियम के तहत किसी भी नाबालिग के खिलाफ अपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकती और न ही उसे मौत की सजा दी जा सकती है। बालोगन ने कहा, ''इसलिए नाबालिगों को संघीय उच्च न्यायालय के समक्ष पेश करना ही गलत है।'' प्रदर्शन में शामिल कुछ किशोरों की पैरवी करने वाले वकील मार्शल अबूबकर ने बताया कि अदालत ने अंततः प्रत्येक प्रतिवादी को जमानत दे दी तथा उन पर कठोर शर्तें लगाई हैं।

अबूबकर ने कहा, ''एक ऐसा देश जिसका कर्तव्य अपने बच्चों को शिक्षित करना है, वह इन बच्चों को दंडित करने का फैसला करेगा। ये बच्चे 90 दिनों से बिना भोजन के हिरासत में हैं।

# दिवाली याद दिलाती है कि दक्षिण एशियाई मूल के अमेरिकियों ने देश को समृद्ध बनाया है –ब्लिंकन

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि दिवाली यह याद दिलाती है कि दक्षिण एशियाई मूल के अमेरिकियों ने अमेरिका को किस तरह समृद्ध बनाया है। उन्होंने भारतीय–अमेरिकियों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि दिवाली मूलतः इस विचार पर आधारित है कि प्रकाश की अंधकार पर जीत होती है, अज्ञानता पर करुणा और जिज्ञासा की जीत होती है।वाशिंगटन । अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि दिवाली यह याद दिलाती है कि दक्षिण एशियाई मूल के अमेरिकियों ने अमेरिका को किस तरह समृद्ध बनाया है। ब्लिंकन ने दिवाली के मौके पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में राजनयिक समुदाय और भारतीय–अमेरिकियों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि दिवाली मूलतः इस विचार पर आधारित है कि प्रकाश की अंधकार पर जीत होती है, अज्ञानता पर करुणा और जिज्ञासा की जीत होती है तथा प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह एक–दूसरे की देखभाल करें। उन्होंने कहा, ''दिवाली यह भी याद दिलाती है कि दक्षिण एशियाई संस्कृति और दक्षिण एशियाई मूल के अमेरिकियों ने किस प्रकार हमारे राष्ट्र को समृद्ध बनाया है। अमेरिका को इस विविधता से बहुत ताकत मिलती है। इन (दक्षिण एशियाई) लोगों में उल्लेखनीय लोक सेवक भी शामिल हैं, जिनमें अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और हमारे अपने उप विदेश मंत्री रिच वर्मा हैं।'' ब्लिंकन ने बताया कि दस साल पहले तत्कालीन विदेश मंत्री जॉन केरी ने विदेश मंत्रालय में दिवाली के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया था और तब से हर साल इसका आयोजन किया जाता है और यह एक सम्मानित परंपरा बन गई है। ब्लिंकन ने कहा, ''इस साल पूरी दुनिया में एक अरब से अधिक हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख लोग दिवाली मना रहे हैं। घरों को रंगोली से सजा रहे हैं, फूलों की माला लटका रहे हैं, दीये जला रहे हैं।



# माउई द्वीप में शार्क ने 61 वर्षीय व्यक्ति पर किया हमला, हालत गंभीर

अधिकारियों ने लोगों को इलाके में पानी से दूर रहने की चेतावनी दी है। इससे पहले जून में प्रसिद्ध 'सर्फर' तामायो पेरी की ओआहू के उत्तरी तट पर सर्फिंग करते समय शार्क के हमले में मौत हो गई थी। माउई द्वीप में एक शार्क ने 61 वर्षीय 'सर्फर' पर हमला कर दिया और उसके पैर में इतनी बुरी तरह से काटा कि उसका पैर ही अलग हो गया। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी।माउई काउंटी ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि व्यक्ति शुक्रवार सुबह 'वैहू बीच पार्क' में 'सर्फिंग' कर रहा था, तभी उसे एक शार्क ने काट लिया। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने सबसे पहले रक्तस्राव को रोकने की कोशिश की। इसमें बताया गया कि व्यक्ति का पैर ''घुटने के ठीक नीचे से पूरी तरह कट गया था।''प्राथमिक उपचार दिए जाने के दौरान व्यक्ति होश में था और फिर उसे 'माउई मेमोरियल मेडिकल सेंटर' ले जाया गया। प्राधिकारियों ने बताया कि व्यक्ति की हालत गंभीर है। इस घटना के बाद प्राधिकारियों ने 'बीच पार्क' को बंद कर दिया।अधिकारियों ने लोगों को इलाके में पानी से दूर रहने की चेतावनी दी है। इससे पहले जून में प्रसिद्ध 'सर्फर' तामायो पेरी की ओआहू के उत्तरी तट पर सर्फिंग करते समय शार्क के हमले में मौत हो गई थी।



# पाकिस्तान बोइंग 737 विमान को पहली बार सड़क मार्ग से एक जगह से दूसरी जगह ले जाया गया

विमान को विशेष रूप से तैयार किए गए ट्रेलर पर दूसरी जगह ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि विमान का उपयोग हैदराबाद में नागरिक उड्डयन प्रशिक्षण संस्थान (सीएटीआई) में प्रशिक्षण कार्यों के लिए किया जाएगा।पाकिस्तान में पहली बार एक सेवामुक्त बोइंग 737 विमान को बृहस्पतिवार और शुक्रवार को सड़क मार्ग से कराची से हैदराबाद ले जाया गया। बंद हो चुकी निजी विमान कंपनी 'शाहीन एयरवेज' द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला विमान सड़क मार्ग से 165 किलोमीटर की यात्रा पूरी करने के बाद सेवामुक्त हो गया है और नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) के 'हैंगर' पर पहुंच गया है। सीएए के एक प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान में यह पहली बार है कि किसी विमान को विशेष रूप से तैयार किए गए ट्रेलर पर दूसरी जगह ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि विमान का उपयोग हैदराबाद में नागरिक उड्डयन प्रशिक्षण संस्थान (सीएटीआई) में प्रशिक्षण कार्यों के लिए किया जाएगा।




# अमेरिका के कोलोराडो में हैलोवीन पार्टी के दौरान गोलीबारी, तीन लोगों की मौत

नॉर्थग्लेन पुलिस विभाग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारी आधी रात के बाद एक घर में आयोजित पार्टी में पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति मृत मिला जबकि पांच अन्य गोली लगने से घायल थे।अमेरिका के कोलोराडो प्रांत के डेनवर के उत्तर में स्थित नॉर्थग्लेन शहर में हैलोवीन के अवसर पर एक घर में चल रही पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। क्यों इस डांस को माना जाता है उत्तेजक? जानिए कैसे हुआ ये शुरूौर जानेंनॉर्थग्लेन पुलिस विभाग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारी आधी रात के बाद एक घर में आयोजित पार्टी में पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति मृत मिला जबकि पांच अन्य गोली लगने से घायल थे।उसने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है लेकिन इस घटना से जनता के लिए कोई ज्ञात खतरा नहीं है। डिस्क्लेमररू प्रभासाक्षी ने इस खब्बर को संपादित नहीं किया है। यह खब्बर पीटीआई–भाषा की फीड से प्रकाशित की गयी है।



# सर्बिया में रेलवे स्टेशन की छत गिरने से कम से कम 11 लोगों की मौत



बुल्डोजर से मलबे को हटाकर लोगों की तलाश की जा रही है। निगरानी कैमरों की फुटेज में लोग छत के नीचे बेंच पर बैठे दिख रहे हैं, जो अचानक गिरती हुई दिखाई दे रही है। इमारत की हाल ही में मरम्मत की गई थी।सर्बिया के नोवी सेड शहर में शुक्रवार को एक रेलवे स्टेशन की कंक्रीट की छत गिरने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्री इविका डेसिस ने कहा कि कम से कम तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।एंबुलेंस के साथ–साथ दूसरी आपात सेवाओं की टीम घटनास्थल पर भेजी गई हैं और बुल्डोजर से मलबे को हटाकर लोगों की तलाश की जा रही है। निगरानी कैमरों की फुटेज में लोग छत के नीचे बेंच पर बैठे दिख रहे हैं, जो अचानक गिरती हुई दिखाई दे रही है। इमारत की हाल ही में मरम्मत की गई थी।

# यूएस में राष्ट्रपति ने ट्रंप समर्थकों को कहा कचरा ? व्हाइट हाउस ने ट्रांसक्रिप्ट में वाईडेन की टिप्पणी को बदला रिपोर्ट में किया गया दावा

व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की आधिकारिक ट्रांसक्रिप्ट को संशोधित किया, जिसमें वे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों को ष्कचराष कहकर उन पर कटाक्ष करते दिखाई दिए, जिसके कारण बाइडेन की टिप्पणियों को दस्तावेज करने वाले कार्यालय ने उन्हें फटकार लगाई। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की आधिकारिक ट्रांसक्रिप्ट को संशोधित किया, जिसमें वे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों को ष्कचराष कहकर उन पर कटाक्ष करते दिखाई दिए, जिसके कारण बाइडेन की टिप्पणियों को दस्तावेज करने वाले कार्यालय ने उन्हें फटकार लगाई, एसोसिएटेड प्रेस ने रिपोर्ट की। बाइडेन ने मंगलवार को लैटिनो कार्यकर्ताओं के साथ एक कॉल के दौरान तब आलोचनाओं को जन्म दिया जब उन्होंने कॉमेडियन टोनी हिंचक्लिफ द्वारा न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में ट्रम्प की रैली में प्यूर्टो रिको की तुलना ष्कचरे के तैरते द्वीपष से करने वाले एक भद्दे मजाक पर प्रतिक्रिया व्यक्त की।आधिकारिक व्हाइट हाउस स्टेनोग्राफरों द्वारा तैयार की गई ट्रांसक्रिप्ट के अनुसार बाइडेन ने कहा, ष्वहां केवल उनके समर्थक ही कचरा तैरता हुआ देख रहे हैं। लैटिनो को शैतान बताना अनुचित और गैर–अमेरिकी है।ष जैसे ही बाइडेन की टिप्पणियों के वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुए, व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि राष्ट्रपति की बात को गलत तरीके से समझा जा रहा है और वे ट्रम्प की रैली में हिंचक्लिफ की नस्लवादी टिप्पणी का उल्लेख कर रहे थे और उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति की रैली को ष्कचराष नहीं कहा।इसे भी पढ़ेंरू सुरक्षा बलों ने श्रीनगर में शुरू किया तलाश अभियान, आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरूव्हाइट हाउस ने टिप्पणी की पूरी प्रतिलिपि भी प्रदान की, जिसमें एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण संपादन किया गया, जिसमें ष्समर्थकोंष को ष्समर्थकोंष में बदलने के लिए एक एपोस्ट्रोफ जोड़ा गया। परिवर्तन से पता चलता है कि बिडेन एक समर्थक, विशेष रूप से उस कॉमेडियन का उल्लेख कर रहे थे जिसने अपमानजनक टिप्पणी की थी, न कि सामान्य रूप से ट्रम्प समर्थकों का।यह परिवर्तन प्रेस कार्यालय द्वारा ष्राष्ट्रपति के साथ विचार–विमर्शष के बाद किया गया था, स्टेनोग्राफर के कार्यालय के प्रमुख से एक आंतरिक ईमेल में लिखा गया था। व्हाइट हाउस स्टेनोग्राफी कार्यालय द्वारा उठाई गई आपत्तियों और चिंताओं के बावजूद यह संशोधन किया गया था।ईमेल के अनुसार, प्रेस कार्यालय ने स्टेनोग्राफरों से बिडेन की लैटिनो कार्यकर्ताओं के साथ कॉल की प्रतिलिपि जल्दी से तैयार करने के लिए कहा था, एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार। उस दिन ड्यूटी पर मौजूद दो लोगों की स्टेनोग्राफी टीम, जिसमें एक टाइपर और एक प्रूफर शामिल थे, ने कहा कि ट्रांसक्रिप्ट में किसी भी तरह के संपादन को उनके पर्यवेक्षक, स्टेनोग्राफर के कार्यालय के प्रमुख द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए।स्टेनोग्राफर का कार्यालय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संरक्षण और जनता को वितरित करने के लिए राष्ट्रपति की सार्वजनिक और निजी टिप्पणियों की ट्रांसक्रिप्ट तैयार करने के लिए जिम्मेदार है।पर्यवेक्षक कॉल की समीक्षा करने के लिए उपलब्ध नहीं था, लेकिन प्रेस कार्यालय ने आगे बढ़कर व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर संशोधित ट्रांसक्रिप्ट प्रकाशित किया और इसे प्रेस और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वितरित किया।एक ईमेल में, स्टेनोग्राफी कार्यालय की निदेशक एमी सैंड्स ने कहा कि व्हाइट हाउस प्रेस कार्यालय ने उनकी स्वीकृति के बिना ट्रांसक्रिप्ट को संपादित और जारी करके मानक प्रोटोकॉल को दरकिनार कर दिया।

# इजराइल द्वारा पूर्वोत्तर लेबनान के गांवों पर किए गए हमले में अब तक 45 लोगों की मौत

लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी 'एनएनए' ने बताया कि ओलाक के छोटे से गांव में किए गए इजराइली हवाई हमले में चार लोग मारे गए हैं। इस गांव में चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला को काफी समर्थन प्राप्त है। इजराइल द्वारा लेबनान के पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित गांवों पर किए गए हवाई हमलों में अब तक कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई है। लेबनान के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।बालबेक के गवर्नर बशीर खोदर ने बताया कि लेबनान के पूर्वोत्तर हिस्से के नौ गांवों पर किए गए हवाई हमलों में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 41 हो गई है। यह लेबनान की

'नेशनल न्यूज एजेंसी' (एनएनए) द्वारा पहले बताई गई मृतक संख्या से 17 अधिक है।लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी 'एनएनए' ने बताया कि ओलाक के छोटे से गांव में किए गए इजराइली हवाई हमले में चार लोग मारे गए हैं। इस गांव में चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला को काफी समर्थन प्राप्त है।इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर हाल में लेबनान के दक्षिणी उपनगर दहिए में हवाई हमले किए थे, हालांकि यहां हुए हमले में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

बालबेक–हर्मेल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले लेबनानी सांसद हुसैन हज हसन ने कहा कि इजराइली बमबारी के कारण करीब60,000 लोग पहले ही अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा चुके हैं।

# शुभमन गिल ने शतक से चूकनें पर भी बना दिया अनोखा रिकार्ड

मुंबई टेस्ट में शुभमन गिल ने भारत की पहली पारी के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 90 रन की पारी खेली लेकिन शतक से चूक गए। उन्होंने बावजूद इसके एक खास मुकाम अपने नाम किया है। दरअसल, गिल ने साल 2024 में 800 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। शुभमन गिल ने मुंबई टेस्ट में भारत की पहली पारी के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 90 रन की पारी खेली लेकिन शतक से चूक गए। उन्होंने बावजूद इसके एक खास मुकाम अपने नाम किया है। दरअसल, गिल ने साल 2024 में 800 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। भारती और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। बता दें कि, गिल भारत की पहली पारी के दौरान नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने इस दौरान 146 गेंदों का सामना करते हुए 90 रन बनाए। गिल ने 7 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्होंने इस पारी की बदौलत इस कैलेंडर ईयर में 800 टेस्ट रन पूरे कर लिए। शुभमन



ऐसा करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के छठे बल्लेबाज हैं। इस मामले में यशस्वी जायसवाल ने भी 2024 में 800 से ज्यादा टेस्ट रन बनाए हैं। फिलहाल, टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में 235 रनों के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया था। वहीं दूसरी पारी में टीम संघर्ष कर रही है। इसके जवाब में भारत ने पहली पारी में 263 रन बनाए। भारत के लिए गिल और पंत ने फिफ्टी जड़ी। पंत ने 60 रनों की पारी खेली।

# कोहली ने 2027 तक आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने के संकेत दिए

विराट कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। उन्होंने कहा कि, हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। विराट कोहली को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपये की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है।कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड–19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं। उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। उन्होंने इसमें कहा, ''इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जायेंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता सही में बहुत विशेष हो गया है।'' उन्होंने फिर कहा कि वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते। उन्होंने कहा, ''मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नयी टीम बनाने का मौका मिला। हम फ्रेंचाइजी और टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं।'' कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। उन्होंने कहा, ''हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती



है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी ऐसा ही महसूस करेंगे।'' कोहली ने कहा, ''मैं भी इस चक्र का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। और निश्चित रूप से लक्ष्य अगले चक्र में कम से कम एक बार आईपीएल खिताब जीतना है।'' उन्होंने वादा किया कि आरसीबी आईपीएल खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। कोहली ने कहा, '' हम हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और सभी को गर्व महसूस कराने की कोशिश करेंगे। प्रशंसकों के समर्थन के लिए बहुत बहुत धन्यवाद। मैं आभारी हूं।'' वहीं आरसीबी के कोहली को रिटेन करने के बाद फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्वीकार किया कि उन्हें टीम में बरकरार रखना हैरानी भरा नहीं है क्योंकि वह आगामी वर्षों ममें आरसीबी की सफलता के लिए अहम होंगे। फ्लावर ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''भारत में विराट को रिटेन करना किसी के लिए भी हैरानी भरा नहीं होगा। वह भविष्य में आरसीबी की सफलता के लिए अहम हैं और अहम रहेंगे। पिछले साल उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने हमें प्लेऑफ में पहुंचाया।'' कोहली के अलावा आरसीबी ने दो और खिलाड़ियों रजत पाटीदार (11 करोड़ रुपये) और यश दयाल (पांच करोड़ रुपये) को भी रिटेन किया है। जिससे फ्रेंचाइजी के पास मेगा नीलामी में खर्च करने के लिए 83 करोड़ रुपये की राशि होगी।

# आर अश्विन ने उल्टा दौड़कर लपका हैरतअंगेज कैच, वीडियो हो रहा वायरल

आर अश्विन ने शनिवार को इंडिया और न्यूजीलैंड तीसरे टेस्ट में गजब की फुर्ती दिखाई। उन्होंने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान डेरिल मिचेल का हैरतअंगेज कैच लपका। 38 वर्षीय अश्विन ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में उल्टा दौड़कर मिचेल को पवेलियन भेजा। दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने शनिवार को इंडिया और न्यूजीलैंड तीसरे टेस्ट में गजब की फुर्ती दिखाई। उन्होंने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान डेरिल मिचेल का हैरतअंगेज कैच लपका। 38 वर्षीय अश्विन ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में उल्टा दौड़कर मिचेल को पवेलियन भेजा। मिचेल के बल्ले से 44 गेंदों में 21 रन बने, जिसमें एक चौका और एक सिक्स भी शामिल है।



# सरफराज खान को नंबर 8 पर भेजने पर भड़के फैंस, टीम मैनेजमेंट को बताया गलत

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर और क्रिकेट फैंस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट की पहली पारी में सरफराज खान को नंबर 8 पर बल्लेबाजी कराने के भारत के फैसले की आलोचना की। टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविंद्र जडेजा के बाद 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सरफराज डक आउट हो गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों की कमियां उजागर हुई हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर और क्रिकेट फैंस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट की पहली पारी में सरफराज खान



को नंबर 8 पर बल्लेबाजी कराने के भारत के फैसले की आलोचना की। टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविंद्र जडेजा के बाद 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सरफराज डक आउट हो गए। सरफराज खान को बल्लेबाजी क्रम में इसलिए पीछे रखा गया क्योंकि भारत ने पहले दिन अंतिम सत्र में नाइटवॉचमैन के रूप में सिराज को भेजा था। शुभमन गिल और ऋषभ पंत के बीच 96 रनों की साझेदारी के बाद मुंबई के इस बल्लेबाज के नंबर 7 पर आने की उम्मीद थी, लेकिन भारत ने दाएं–बाएं संयोजन को बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा को भेजा। पहली पारी में सरफराज खान केवल चार गेंदों पर ही खेल पाए और एजाज पटेल की गेंद पर आउट हो गए। ये गेंद पिच पर गिरने के बाद तेजी से उछली और घूम गई। संजय मांजरेकर ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया कि भारत ने सरफराज को क्यों रोका, जो शानदार फॉर्म में हैं। मुंबई के इस युवा बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट में दूसरी पारी में शानदार पारी खेलते हुए 150 रन बनाए थे।

# भारतीय टीम के बल्लेबाजों का बेहद खराब प्रदर्शन, न्यूजीलेंड के खिलाफ पांचों पारियों में रही विफल

भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। लगातार पारियों में भारतीय बल्लेबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए हैं। बेंगलुरु टेस्ट में 46 रन पर ढेर होने के बाद भारतीय टीम ने हर पारी में गुच्छों में विकेट गंवाए हैं। इस सीरीज में भारत का कोई भी बल्लेबाज 200 से ज्यादा रन नहीं बना सका है, जबकि कीवी टीम के तीन बल्लेबाजों ने 200 से ज्यादा रन बनाए हैं।न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की पांच पारियों में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। लगातार पारियों में भारतीय बल्लेबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए हैं। बेंगलुरु टेस्ट में 46 रन पर ढेर होने के बाद भारतीय टीम ने हर पारी में गुच्छों में विकेट गंवाए हैं। इस सीरीज में भारत का कोई भी बल्लेबाज



200 से ज्यादा रन नहीं बना सका है, जबकि कीवी टीम के तीन बल्लेबाजों ने 200 से ज्यादा रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की शुरुआत में भारतीय टीम सिर्फ 46 पर ढेर हो गई थी। इसके बाद दूसरी पारी में टीम ने 462 रन बनाए लेकिन यहां भी मजबूत स्थिति में होने के बाद बावजूद बल्लेबाजों ने निराश किया। भारत ने एक समय तीन विकेट पर 408 रन बनाए थे। लेकिन अगले सात विकेट सिर्फ 54 रन पर गंवा दिए। पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी बल्लेबाजों का यही हाल रहा। दूसरे मैच की पहली पारी में भारत ने 50 के स्कोर तक सिर्फ एक विकेट गंवाए थे इसके बाद टीम ने 53 रन के अंदर 6 विकेट गंवा दिए। दूसरी पारी में भारतीय टीम ने एक विकेट खोकर 96 रन बनाए ते और फिर 71 रन के अंदर 6 विकेट गंवा दिए। मुंबई में खेले जा रहे मैच की पहली पारी में टीम ने 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए, इसके बाद 83 रन के अंदर टीम ने 6 विकेट खो दिए।

# पृथ्वी शश्व जैसा होगा हाल... अश्वस्ट्रेलियाई कोच नील डीकोस्टा ने इस खिलाड़ियों को लेकर सिलेक्टर्स को चेताया

कोच नील डीकोस्टा ने भारत के पृथ्वी शॉ का उदाहरण देकर ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह 19 वर्षीय बल्लेबाज सैम कोनस्टास को भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए टीम में शामिल करने में जल्दबाजी न करें। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी कोच नील डीकोस्टा ने भारत के पृथ्वी शॉ का उदाहरण देकर ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह 19 वर्षीय बल्लेबाज सैम कोनस्टास को भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए टीम में शामिल करने में जल्दबाजी न करें। दरअसल, डीकोस्टा का मानना है कि कोनस्टास अभी पांच दिवसीय प्रारूप के लिए तैयार नहीं है। ये युवा बल्लेबाज भारत के खिलाफ सीरीज में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के दावेदारों में शामिल है। डीकोस्टा अतीत में माइकल क्लार्क और दिवंगत फिलिप ह्यूज को ट्रेनिग दे चुके हैं। वह सैम कोनस्टास को भी बल्लेबाजी के गुर सिखा चुके हैं। डीकोस्टा ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा कि, वह 100 टेस्ट खेल सकता है लेकिन अगर अभी उसे राष्ट्रीय टीम में चुना जाता है तो वह 10 टेस्ट तक ही सीमित रह सकता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसमें काफी क्षमता है लेकिन अभी उसे घरेलू क्रिकेट में खेलने देना चाहिए। डीकोस्टा ने कहा कि, उसका अभी टीम में चयन करना हास्यास्पद होगा। हमारे सामने पृथ्वी शॉ का उदाहरण है। टीम में उनके चयन से पहले मैं उनकी कमजोरी बता सकता था। शॉ ने 2018 में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने आखिरी टेस्ट 2020 में खेला। शॉ ने जुलाई 2021 से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला।

# पोंटिंग और हीली ने मैकस्वीनी को टेस्ट टीम में चुनने की वकालत की

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है।मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है। डेविड वार्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीव स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है। मैकस्वीनी, सैम कोनस्टास, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे खिलाड़ी इस रिक्त स्थान को भरने के दावेदारों में शामिल हैं। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू शो' में कहा, मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है,

# ज्यादा पानी पीने से तेजी से कम होता है वजन, जानें इस बात में कितनी सच्चाई

बढ़ते वजन की वजह से ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं. वजन घटाने के लिए लोग क्या कुछ नहीं करते लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद हल्का–फुल्का ही अंतर नजर आता है. ऐसे में कुछ लोग स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो कर वेट लॉस करते हैं तो कुछ दिन में घंटे पसीना बहाते हैं. कई लोग तो कई दिनों तक वाटर फास्टिंग कर भी तेजी से वजन कम कर लेते हैं. लोगों का मानना है कि ज्यादा पानी पीने से जल्दी वजन कम होता है. क्या बात है जल्दी वजन कम करने के लिए जरूर से ज्यादा पानी पीने की जरूरत है. आईए जानते हैं.

पानी को जीवन के लिए बहुत जरूरी कहा जाता है. पर्याप्त पानी पीना सेहत के लिए भी जरूरी कहा जाता है. कहते हैं कि सही मात्रा में पानी पीने से वजन भी कम हो सकता है. कई जगह कहा जाता है कि गर्म पानी पीने से आप वजन घटा सकते हैं. लेकिन क्या ये वाकई सच है या फिर एक भ्रम. चलिए आज जानते हैं पानी को



लेकर कुछ मिथ और उनकी सच्चाईपानी पीने से वजन कम होगा?अगर यह कहा जाए की पानी पीने से वजन कम होता है तो इस बात में कोई सच्चाई नहीं है. सिर्फ पानी पीकर वजन नहीं घटाया जा सकता बल्कि शरीर में दूसरी कमियां जन्म ले सकती हैं. पानी पीने से वजन कम नहीं होता है लेकिन गुनगुने पानी में अगर कुछ हर्ब्स और मसाले मिलाएं जाएं तो ये वजन कम कर सकता है. जैसे सौंफ, अजवाइन, जीरा, शहद, हल्दी आदि.जितना ज्यादा पानी, उतनी सेहत अच्छी?ये सही नहीं है. पानी पीना अच्छा है लेकिन लिमिट से ज्यादा पानी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है.इससे शरीर में सोडियम का स्तर गिर सकता है और वाटर रिटेंशन की समस्या भी हो सकती है.

वजन कम करने के लिए कम से कम आठ गिलास पानी पीना है जरूरीइसमें कुछ हद तक सच्चाई है. शरीर को सही तौर पर हाइड्रेट रखने के लिए छह गिलास पानी जरूरी कहा जाता है. कुछ लोग आठ गिलास पानी भी पीते हैं क्योंकि ये शरीर पर निर्भर करता है. पानी भूख मारता हैपानी का नेचर ही भरना है. वेट लूज करने में लगे लोग भोजन करने से पहले पानी पीते हैं. इससे उनके शरीर में जाने वाले भोजन का पोर्शन कम हो जाता है. वेट लूज करने के लिए और भूख पर नियंत्रण रखने के लिए भोजन से आधा घंटा पहले पानी पीने से लाभ मिलता है.हाइड्रेशन के लिए पानी है जरूरी आमतौर पर लोग मानते हैं कि शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पानी जरूरी है. लेकिन ये पानी और पेय पदार्थ पर भी निर्भर करता है. हम किस तरह का पानी पी रहे हैं, वो कितना फायदेमंद है. अगर आप एक गिलास पानी के बदले तरबूज खा लें या खरबूजा खा लें तो भी आपकी बॉडी हाइड्रेट हो जाएगी. इसी तरह सलाद, ककड़ी, खीरा, टमाटर आदि चीजों में भी ढेर सारा पानी होता है. आप इनका सेवन करके भी शरीर में पानी की जरूरत पूरी कर सकते हैं.

# किडनी स्टोन का रिस्क होगा कम, बस रोजाना सुबह उठकर पिएं संतरे का जूस

संतरे का जूस सेहत के लिए जबरदस्त तरीके से फायदेमंद होता है. इसमें विटामिन सी, पोटैशियम, और फाइबर जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो हमें सेहतमंद रखने में मदद करते हैं. इस जूस में विटामिन बी–9 और फोलेट भी मिलता है, जो ब्लड सर्कुलेशन ठीक रखने में मदद करता है.

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर हर दिन दो गिलास ऑरेंज जूस पिया जाए तो ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होती है. यह ऑक्सिजनेटेड ब्लड फ्लो बॉडी में बनाए रखता है, जिससे हार्ट प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं. संतरे का जूस किडनी स्टोन में भी फायदेमंद होता है. यह इसका खतरा कम करता है.

किडनी स्टोन में फायदेमंद संतरे का जूस

संतरे के जूस में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो शरीर को डिटॉक्स कर हेल्दी रखने में मदद करते हैं. एक्सपर्ट्स के अनुसार, संतरे का जूस विटामिन सी, पोटैशियम, साइट्रिक एसिड और फोलेट जैसे पोषक तत्वों



से भरपूर है. साइट्रिक एसिड यूरिन के पीएच वैल्यू को सही रखने में मदद करता है और किडनी स्टोन बनने से रोकता है. हर दिन सुबह ताजे संतरे का जूस पीने से किडनी स्टोन की समस्या नहीं होती है.किडनी स्टोन का खतरा कैसे घटाता है संतरे का जूसकिडनी स्टोन मुख्य तौर पर दो तरह की होती है. पहला– कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन, जो बेहद कॉमन है और दूसरी– यूरिक एसिड स्टोन, जो शरीर में यूरिक एसिड के बढने का कारण होती है. दोनों तरह की पथरी में संतरे का जूस फायदेमंद होता है. इस जूस से यूरिन में साइट्रेट का लेवल बढ़ जाता है, जो कैल्शियम ऑक्सालेट के साथ मिलकर किडनी स्टोन के रिस्क को कम करता है. इसके कुछ गुण यूरिक एसिड को कम करने में भी मददगार होते हैं.किडनी स्टोन में संतरे का जूस कैसे पिएं अगर घर में किसी को किडनी स्टोन की समस्या है और इससे छुटकारा पाना चाहते हैं तो रोजाना सुबह उठकर खाली पेट एक गिलास ताजे संतरे का जूस पीना चाहिए. नियमित तौर पर ऐसा करने से किडनी स्टोन का खतरा टलता है और शरीर से गंदगी भी बाहर निकल जाती है.

# बजरंगी बली बने रिषभ शेट्टी, कलियुग में पूरी होगी त्रेतायुग की प्रतिज्ञा, सामने आई जय हनुमान की पहली झलक

इस साल की शुरुआत में प्रशांत वर्मा ने दर्शकों फिल्म हनुमान का तोहफा दिया। तेजा सज्जा अहम भूमिका में नजर आए। फिल्म के रिलीज के दौरान ही उन्होंने सीक्वल का एलान भी कर दिया। इस फिल्म का सीक्वल जय हनुमान के नाम से आ रहा है।

मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक फैंस के साथ साझा की गई है। इसी के साथ यह भी खुलासा हो गया है कि मुख्य किरदार कौन निभाने जा रहा है। मैत्री मूवीज मेकर्स के इंस्टाग्राम हैंडल से जय हनुमान का फर्स्ट पोस्टर साझा किया गया है। इसी के साथ यह भी पता चल गया है कि मुख्य रोल कोई और नहीं, बल्कि कांतारा फेम ऋषभ शेट्टी अदा करते दिखेंगे। पोस्टर में वे बजरंगबली के रूप में नजर आ रहे हैं, जिनके हाथ में भगवान श्रीराम की प्रतिमा है। मेकर्स ने पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन लिखा है, त्रेतायुग की प्रतिज्ञा, जो कलयुग में अवश्य पूरी होगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता ऋषभ शेट्टी और निर्देशक प्रशांत वर्मा भक्ति और साहस की पौराणिक कहानी परदे पर लेकर आ रहे हैं। फिल्म हनुमान में मुख्य भूमिका तेजा सज्जा ने अदा की थी। सीक्वल में वे मुख्य रोल अदा नहीं करेंगे, इसे लेकर स्थिति पहले ही साफ हो गई चुकी। ऐसे में दर्शक यह जानने के लिए बेताब थे कि सीक्वल में अहम किरदार में कौन नजर आएगा? इसका खुलासा अब हो चुका है। सीक्वल में ऋषभ शेट्टी की एंट्री पर यूजर्स की अलग–अलग प्रतिक्रिया आ रही है। ऋषभ के फैंस काफी उत्साहित हैं। वहीं, कुछ यूजर्स कह रहे हैं कि पहली बार देखने पर उन्हें लगा कि पोस्टर पर एक्यर यश हैं। प्रशांत वर्मा ने अपने प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की इस फिल्म का एलान इसी साल राम नवमी पर किया था। प्रशांत ने प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स को अपनी बहन स्नेहा समीरा संग मिलकर रचा है। दोनों की शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर में हुई है और दोनों ने मिलकर इसके पहले कहानियों की एक कंपनी स्टोरीविले भी खोली। फिल्म हनुमान की रचना इस यूनिवर्स के तहत पहली है।



फिल्म श्जय हनुमानत्र इसकी सीक्वल जरूर है, लेकिन इस फिल्म से पहले इस यूनिवर्स की दो और फिल्में अधीराय और महाकालीय भी रिलीज होने वाली हैं।

# हुमा कुरैशी की मिथ्या द डार्कर चौप्टर का ट्रेलर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मिथ्या द डार्कर चौप्टर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह 2022 में आई मिथ्या की दूसरी किस्त है। हुमा एक बार फिर जूही अधिकारी बन दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी।अब निर्माताओं ने मिथ्यारू द डार्कर चौप्टर का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस से भरपूर है और इसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।मिथ्यारू द डार्कर चौप्टर की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है।

मिथ्या द डार्कर चौप्टर का प्रीमियर 1 नवंबर, 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होने जा रहा है।जी5 ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, क्या होगा जब आपके अतीत के रहस्य आपके वर्तमान को परेशान करने के लिए वापस आएंगे? जूही को यह पता चलने वाला है।इस सीरीज में हुमा के अलावा अवंतिका दासानी, नवीन कस्तूरिया, रजित कपूर, इंद्रनील सेनगुप्ता और कृष्णा बिष्ट जैसे सितारे भी नजर आएंगे। कपिल शर्मा ने इस वेब सीरीज का निर्देशन किया है।

इस बारे में बात करते हुए हुमा ने एक बयान में कहा, मैं मिथ्या की वापसी से रोमांचित हूं। इस शो ने मुझे एक अभिनेता के रूप में अपने एक अलग पक्ष को तलाशने के लिए प्रेरित किया है – एक ऐसा व्यक्ति जो परिस्थितियों के कारण कमजोर और प्रतिशोधी है। मैं इस रोमांचक, दमदार भूमिका के लिए मेरे बारे में सोचने के लिए निर्माताओं का आभारी हूं और अपने किरदार के जीवन के अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

अवंतिका ने साझा किया, यह शो मेरा पहला शो था, और इसने मेरे लिए व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों तरह से बहुत कुछ बदल दिया है। मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं, और सबसे कम उम्र की होने के नाते, मैंने पूरी कास्ट से बहुत कुछ सीखा है। रिया एक जटिल और दिलचस्प किरदार है, और यह सीजन उसके सफर को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है क्योंकि वह बदला और विश्वासघात से जूझती है। नवीन ने नए सीजन के बारे में बात की और कहा, इतने सफल पहले सीजन वाले शो का हिस्सा बनना एक खुशी और जिम्मेदारी दोनों है, और मैं इसे निभाने के लिए उत्साहित हूं। यह भूमिका मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी किरदार से अलग है – यह दर्शकों के लिए कुछ नया और दिलचस्प है। मैं हुमा कुरैशी और रजित कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर खास तौर पर रोमांचित हूं, दोनों ही बेहतरीन कलाकार हैं और उनके साथ स्क्रीन शेयर करने में मुझे बहुत मजा आया।

# अनिल कपूर ने शुरू की एक्शन–ड्रामा फिल्म की शूटिंग, ओटीटी प्लेटफार्म पर होगी रिलीज

फिल्म जगत के सुपरस्टार अनिल कपूर जल्द ही आगामी फिल्म सूबेदारत्र में अपनी एक्टिंग से सभी का दिल जीतते नजर आएंगे. फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. एक्शन–ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं. सुरेश त्रिवेणी ने मनोरंजन जगत को श्जलसात्र और तुम्हारी सुलुत्र जैसी सफल फिल्में दी हैं.फिल्म निर्माता ने एक पोस्ट साझा कर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की है. इसके साथ ही निर्माता ने फिल्म से अनिल कपूर का लुक भी साझा किया है. फिल्म में अनिल कपूर के साथ राधिका मदान भी मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म में राधिका अनिल कपूर की बेटी श्यामा की भूमिका निभाती नजर आएंगी.

अनिल कपूर और राधिका मदान के साथ–साथ और भी कई शानदार कलाकार अहम रोल में हैं.वहीं, फिल्म की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो श्सूबेदारत्र भारतीय पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें सूबेदार अर्जुन मौर्य की कहानी दिखाई गई है. इसमें वह तमाम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की चुनौतियों से जूझता है और अपनी बेटी के साथ तनावपूर्ण संबंधों को संभालता है.कभी देश के लिए लडने वाले एक सैनिक को अब अपने घर और परिवार की रक्षा के लिए अपने भीतर के दुश्मनों से लडना होगा. अनिल ने जून 2024 की शुरुआत में ही फिल्म की तैयारी शुरू कर दी थी.सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित फिल्म विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्मित है और सुरेश त्रिवेणी और प्रज्वल चंद्रशेखर द्वारा लिखित है. फिल्म के संवाद को सुरेश त्रिवेणी और सौरभ ने लिखा है. यह फिल्म प्राइम वीडियो पर आएगी.इस बीच पेशेवर काम की बात करें तो अनिल कपूर हाल ही में स्ट्रीमिंग रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन की मेजबानी करते नजर आए थे. बिग बॉस ओटीटी की जीत का ताज सना मकबूल के सिर पर सजा था.अनिल कपूर ने सत्तीराजू लक्ष्मीनारायण द्वारा निर्देशित 1983 की रोमांस–ड्रामा फिल्म वो सात दिन से डेब्यू किया था. अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फिल्म के एक दृ साल पूरे कर लिए हैं।



# स्त्री 2 के मेकर्स की नई हारर–का मेडी फिल्म थामा का एलान, आयुष्मान–रश्मिका के बीच दिखेगी लव–स्टोरी

स्त्री 2 के मेकर्स दिनेश विजान ने दिवाली से पहले बड़ा धमाका कर दिया है. मडोक फिल्म्स के मालिक दिनेश विजान ने अपनी नई हॉरर–कॉमेडी, लवस्टोरी का फिल्म थामा का एलान कर दिया है. फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना के साथ साउथ फिल्म एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाली हैं. मौजूदा साल में फिल्म स्त्री 2 और मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर करने के अब दिवाली 2025 पर बॉक्स ऑफिस फिर धमाका करने की तैयारी है. बता दें, आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना के अलावा फिल्म में परेश राव और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहम रोल में होंगे. फिल्म थामा के एलान के साथ इसकी स्टारकास्ट का खुलासा एक टीजर शेयर कर किया गया है. फिल्म थामा एक हॉरर–कॉमेडी होने के साथ–साथ एक खौफनाक प्रेम कहानी के एंगल को भी दिखाएगी. बता दें, फिल्म थामा दिवाली 2025 के मौके पर रिलीज होने जा रही है. फिल्म थामा को आदित्य सरपोतदार डायरेक्टर करेंगे, जिन्होंने पहले मुंज्या जैसी हिट फिल्म बनाई थी. फिल्म थामा की कहानी निरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखी है. फिल्म थामा का निर्देशन दिनेश विजान और स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक हैं. बता दें, स्त्री 2 इंडियन सिनेमा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.स्त्री 2 ने हिंदी में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शाहरुख खान की फिल्म जवान और पठान का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है. वहीं, इस दिवाली भूल भुलैया 3 और कॉप एक्शन ड्रामा फिल्म सिंघम अगेन रिलीज होने जा रही है।



# बावस आफिस पर आखिरी सांसें गिन रहीं विक्की विद्या और जिगरा, लाखों में सिमटी कमाई

राजकुमार राव की विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र और आलिया भट्ट की जिगरा का दशहरे के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर क्लैश हुआ था. यूं तो रिलीज से पहले दोनों ही फिल्मों का काफी हाईप बना हुआ था लेकिन बड़े पर्दे पर दस्तक देने के बाद श्जिगरात्र दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई तो वहीं श्विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र की शुरुआत तो अच्छी हुई लेकिन फिर इसकी कमाई का ग्राफ भी ऊपर–नीचे होता रहा. हालांकि श्विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र अपना बजट वसूल कर चुकी है लेकिन श्जिगरात्र आलिया भट्ट की फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो चुकी है. चलिए यहां जानते हैं श्विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र और श्जिगरात्र की 19वें दिन की कमाई कितनी रही?

श्विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र अब रिलीज के तीसरे हफ्ते में है. राजकुमार राव की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा तो परफॉर्म नहीं किया है लेकिन इसने ठीक–ठाक कमाई कर ली है. फिल्म की कहानी एक न्यूली वेड कपल विक्की (राजकुमार स्टारर) और विद्या (तृप्ति डिमरी स्टारर) के इर्द गिर्द घूमती है जिनकी सुहागरात की सीडी चोरी हो जाती है.ये फिल्म अब बॉक्स ऑफिस पर अपने आखिरी दिन गिन रही है दरअसल एक नवंबर से सिनेमाघरों में कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 और अजय देवगन की सिंघम अगेन रिलीज हो रही है ऐसे में श्विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र का पैकअप तय है. इन सबके बीच फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने पहले हफ्ते में 27 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 10.15 करोड़ का कारोबार किया. वहीं तीसरे फ्राइडे फिल्म ने 65 लाख, तीसरे शनिवार 1.2 करोड़, तीसरे रविवार 1.2 करोड़ और तीसरे सोमवार 46 लाख का बिजनेस किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैहं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र ने 19वें दिन 45 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियोत्र की 19 दिनों की कुल कमाई अब 41.11 करोड़ रुपये हो गई है.आलिया भट्ट बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस हैं उनकी पिछली कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थीं. वहीं जिगरा से भी उम्मीद थी कि ये बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी. लेकिन भाई–बहन की इमोशन कहानी पर बेस्ड से फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब नहीं हो पाई और रिलीज के पहले ही दिन ये बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए संघर्ष करती नजर आई. किसी तरह ये फिल्म रेंग–रेंग कर तीसरे हफ्ते में तो पहुंच चुकी है लेकिन इसकी कमाई बेहद रूला देने वाली है.



80 करोड़ की लागत से बनी ये फिल्म अपना आधा बजट भी नहीं वसूल कर पाई है. अब बस ये बॉक्स ऑफिस पर आज या कल भर की मेहमान और है क्योंकि फिर तो सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के आते ही इसका पत्ता साफ हो जाएगा.

इस बीच श्जिगरात्र की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 22.45 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 6.85 करोड़ का कलेक्शन किया था. तीसरे फ्राइडे इसने

40 लाख, तीसरे शनिवार 65 लाख, तीसरे रविवार 65 लाख और तीसरे सोमवार 24 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़ेआ चुके हैंसैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्जिगरात्र ने रिलीज के 19वें दिन यान तीसरे मंगलवार को 23 लाख का कलेक्शन किया है इसी के साथ जिगरा का 19 दिनों का कुल कारोबार 31.47 करोड़ रुपये हो गया है ।

# अनीस बज्मी संग अजय देवगन की फिल्म नाम का एलान, सिघंम अगेन के बाद होगी रिलीज

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म नाम 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसे भूल भुलैया के निर्देशक अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया है. हलचल, प्यार तो होना ही था और दीवानगी के बाद यह अजय के साथ बज्मी की चौथी फिल्म होगी. नाम के मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर के साथ इसकी अनाउंसमेंट की. पहले माना जा रहा था कि फिल्म 2022 में रिलीज होगी. हालांकि, कई बार टलने के बाद, फिल्म अब 22 नवंबर को बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाम एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जिसमें एक व्यक्ति अपनी याददाश्त खो देता है और अपनी पहचान खोजने के लिए यात्रा पर निकल पड़ता है. फिल्म की शूटिंग स्विट्जरलैंड और मुंबई में हुई है. इस फिल्म में पहले प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में थीं, लेकिन उन्होंने पीछे हटकर अपनी जगह समीरा रेड्डी को ले लिया. नाम में भूमिका चावला भी हैं. इस फिल्म का निर्माण अनिल रूंगटा ने किया है. पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा– अजय देवगन – अनीस बज्मीरू नाम 22 नवंबर को रिलीज होगी, अनाउंसमेंट पोस्टर लॉन्च, अजय देवगन स्टारर और अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित – 22 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस बीच, अनीस बज्मी अपनी अगली फिल्म भूल भुलैया 3 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित लीड रोल में हैं. यह फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होगी. इस फिल्म की टक्कर की रोहित शेट्टी की मल्टीस्टारर फिल्म सिंघम अगेन से होगी. जिसमें अजय देवगन, अक्षय कुमार, अर्जुन कपूर, करीना कपूर, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण, जैकी श्रॉफ जैसी शानदार कलाकारों की टोली है.



# नानी की फिल्म हिट द थर्ड केस में हुई श्रीनिधि शेट्टी की एंट्री!

अभिनेता नानी तमिल सिनेमा का एक प्रमुख चेहरा हैं। अपनी अदाकारी से वह लाखों दिलों पर राज करते हैं। मुश्किल से मुश्किल किरदार को आसानी से निभाने की कला की वजह से प्रशंसक उन्हें प्यार से नेचुरल स्टार कहते हैं।

वह इन दिनों अपनी फिल्म फिल्म सारिपोधा सानिवारम की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने सूर्या नाम के शख्स का किरदार निभाया है। इस फिल्म के बाद नानी ने कोई ब्रेक नहीं लिया है और अब अपनी आगामी फिल्म हिट द थर्ड केस की शूटिंग में जुट गए हैं। शैलेश कोलानू के निर्देशिन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल विजाग में चल रही है। ताजा चर्चा यह है कि केजीएफ में अपनी भूमिका से लोगों पर अपनी अदाकारी की गहरी छाप छोडने वाली श्रीनिधि शेट्टी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सिद्धू जोनालागड्डा अभिनीत तेलुसु काडा के बाद यह उनकी दूसरी तेलुगु फिल्म है। हिट 3 का निर्माण प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा वॉल पोस्टर सिनेमा के तहत, यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ मिलकर किया जा रहा है।

# सलमान खान के आवास पर गोलीबारी की घटना, लारेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को अमेरिका से वापस लाने की प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू हुई

मुंबई क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है, जो अभिनेता सलमान खान के आवास पर गोलीबारी की घटना के साथ–साथ भारत भर में कई अन्य मामलों में वांछित है, सूत्रों ने बताया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है, जो अभिनेता सलमान खान के आवास पर गोलीबारी की घटना के साथ–साथ भारत भर में कई अन्य मामलों में वांछित है, सूत्रों ने बताया। पिछले सप्ताह, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अनमोल बिश्नोई का नाम अपनी मोस्ट वांटेड सूची में जोड़ा और उसकी गिरफ्तारी के लिए कोई भी सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। मुंबई पुलिस के सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने भारतीय अधिकारियों को अनमोल बिश्नोई के अमेरिका में होने की पुष्टि की है। अनमोल बिश्नोई पर भारत में 17 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार के साथ सलमान खान गोलीबारी मामले में भी शामिल है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी वांछित अनमोल बिश्नोई पर गायक की हत्या में इस्तेमाल किए गए आयातित हथियारों की आपूर्ति करने का आरोप है। बिश्नोई ने कथित तौर पर तुर्की में बनी टिसास पिस्तौल और ग्लॉक बन्दूक मुहैया कराई थी, जिसका इस्तेमाल 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में किया गया था। सूत्रों से पता चला है कि बिश्नोई सिद्दीकी की हत्या के संदिग्धों में से एक के संपर्क में था, जिससे साजिश में उसकी संभावित संलिप्तता का पता चलता है।मुंबई अपराध शाखा ने बिश्नोई के प्रत्यर्पण मामले की जानकारी मुंबई सत्र न्यायालय को दे दी है।

# गुलाबी साड़ी पहन भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने कराया बोल्ड फोटोशूट, कातिलाना अदाओं से मचाया कहर

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने कातिलाना अंदाज से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही खूबसूरत फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर कहर बरपा रहा है। एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।बता दें कि मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।तस्वीरों में आप देख सकते हैं मोनालिसा ने गुलाबी और ऑरेंज कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं।खुले बाल, माथे पर बिंदी और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस साड़ी लुक को बेहद ही खूबसूरत तरीके से निखारा है।मोनालिसा भले ही इन दिनों किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।



# शाहरुख खान ने पहली फिल्म से लोगों को बनाया था दीवाना, आज मना रहे 59वां जन्मदिन

बॉलीवुड के किंगखान यानी की शाहरुख खान 02 नवंबर को अपना 59वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। शाहरुख खान ने अपने करियर की शुरूआत टीवी से की थी। हालांकि शुरूआती दौर में अभिनेता को काफी रिजेक्शन का भी सामना करना पड़ा था। आज यानी की 02 नवंबर को बॉलीवुड के किंगखान यानी की शाहरुख खान अपना 59वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। लेकिन एक दौर वह भी था, जब डायरेक्टर उनको रिजेक्ट कर देते थे। आज वह इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। एक समय पर शाहरुख खान को फ्लॉप हीरो कहा जाता था, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत और अभिनय के दम पर खुद को स्थापित किया। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर शाहरुख खान के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...टीवी से की थी शुरूआत

बता दें कि बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान ने अपने करियर की शुरूआत टीवी से की थी।

# दो कारो की भिड़ंत में छः जख्मी, अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में पलटी दोनों कार

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर दूसरी कार से भीड़ गई जिसमें दोनों कार फिल्मी स्टाइल में अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई, हादसे में दोनों कार में सवार 11 लोगों में आधा दर्जन के करीब लोग जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कार के घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

बताया जाता है कि कलकत्ता के दासपुर गौरा निवासी लव कुमार भुइया पुत्र लाल चंद्र भुइया 58 वर्ष कार चालक है , लव कुमार पश्चिम बंगाल के कोलकाता के दासपुर गौरा निवासी असित पुत्र जगन्नाथ 48 वर्ष , निमई भुइया 47 वर्ष व नितई भुइया 40 वर्ष पुत्र प्रहलाद , शिशिर पुत्र मधुसूदन 55 वर्ष व कुशधज भुइया पुत्र लाल चंद्र 58 वर्ष को साथ लेकर कार से कानपुर की ओर से कोलकाता जा रहे थे । कार सवार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंचे तभी चालक को नीद की झपकी आने पर कार अनियंत्रित हो गई , इस दौरान दिल्ली से प्रयागराज की ओर जा रही दूसरी कार में भीड़ गई हादसे में दोनों कार फिल्मी स्टाइल में अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे पर पलट गई , हादसे के बाद कार में सवार लोगों में अफरा तफरी मच गई । वहीं दूसरी कार में प्रयागराज निवासी राजेश 44 वर्ष , राजेश की पत्नी किरन देवी 38 वर्ष , प्रीतम पुत्र राजेश , नीतू पुत्री राजेश , मधु पुत्री राजेश सवार थे जिसमें राजेश , किरन व प्रीतम जख्मी हो गए , दूसरी कार में कोलकाता निवासी कार चालक लव कुमार , नीमई भुइया , शिशिर व कुशधज जख्मी हो गए , सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में सवार चोट हिल लोगो को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल के लिए भेजवाया , घटनास्थल पर मौजूद उपनिरीक्षक रघुराज ने लिखापढ़ी के बाद क्रेन की मदद से दोनों कार को नेशनल हाईवे से किनारे कराया।

# दर्दनाक एक ही बाईक पर सवार 4 युवक हुए सड़क दुर्घटना का शिकार,

## 'हादसे में 3 की हुई मौत, एक घायल, अनियंत्रित बाइक के डिवाइडर से टकराने से हुआ हादसा

मीरजापुर। यातायात नियमों की खुली अनदेखी तीन युवकों के लिए भारी पड़ी है। यहां सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 03 युवकों की मौत हो गई है जबकि, 01 गंभीर रूप से घायल हुआ हैघ्। एक ही बाईक पर सभी 04 युवक सवार थे जो सड़क दुर्घटना का शिकार हुए हैं। इस हादसे में 03 की मौत हुई है। बाइक सवार मिर्जापुर से लालगंज जा रहे थे। अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भिजवाया जहां चिकित्सकों ने 3 को मृत घोषित कर दिया है, जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को ईलाज के लिए मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया है। चारों बाइक सवार लालगंज के रहने वाले थे। य हादसा लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर–रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पतलुखी गांव के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर तकरीबन दो बजे लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर से शिव मूर्ति नगर (पतुलकी) गांव की तरफ जाते हुए छभ्–135 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक ही बाइक पर सवार चार युवकों में से तीन की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब बाइक सवार युवकों ने संतुलन खो दिया और उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस भयानक दुर्घटना ने चार परिवारों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा हैघ् दुर्घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। दुर्घटना के शिकार युवकों में 22 वर्षीय सलमान पुत्र इम्तियाज, 22 वर्षीय जावेद पुत्र करीम, 22 वर्षीय विजय पुत्र स्व. संतलाल तथा साहिल (28) पुत्र आजाद बुरी तरह से घायल हो गए थे। जैसे ही पुलिस को इस हादसे की सूचना मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लालगंज पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तीनों युवकों सलमान 22, जावेद 22, विजय 26 को मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे घायल साहिल (28) पुत्र आजाद को तुरंत ही गंभीर हालत में मिर्जापुर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। इस हादसे में दो युवकों, सलमान और विजय, की मौत ने उनके परिवारों के लिए भारी संकट खड़ा कर दिया है। सलमान और विजय दोनों अपने घरों के इकलौते वारिस थे, और उनके चले जाने से उनके परिवारों का सहारा टूट गया है। हादसे की खबर सुनते ही उनके घरों में कोहराम मच गया, परिजन रो–रोकर बेहाल हो गए। लालगंज के थानाध्यक्ष संजय सिंह ने घटना स्थल पर अपनी टीम के साथ पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में शामिल तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लिया गया है, वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह दुर्घटना संभवतः तेज गति और संतुलन खोने के कारण हुई है। इसके अलावा, चार युवकों का एक ही बाइक पर सवार होना भी एक बड़ी वजह बन सकती है, क्योंकि बाइक पर क्षमता से अधिक लोगों के बैठने से संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। हादसे के बाद पूरे इलाके में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को लेकर चर्चा हो रही है। इस घटना ने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि यातायात नियमों का पालन न करने का क्या गंभीर परिणाम हो सकता है। पुलिस द्वारा मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। इस घटना ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व को पुनः उजागर कर दिया है।

# असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तको की पहचान कर उनकी जिला स्तरीय प्रदर्शनी का किया जायेगा आयोजन

## 'जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से नवप्रवर्तन जन जागरूकता के अंतर्गत होगा आयोजन

मीरजापुर(आरएनएस)। विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे संचालित जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से तृण मूल स्तर के नव प्रवर्तको के नव प्रवर्तन को चिन्हित कर उनके नव प्रवर्तनो की जिला स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित कर उन्हें पुरस्कार प्रदान कर एक अच्छे नवप्रवर्तन को पेटेंट के लिए चुनने की स्वीकृति परिषद द्वारा प्रदान की गयी है। इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब समन्यवयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रायः नव प्रवर्तक ऐसे वर्ग से आते है जिनका शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा नहीं होता, अधिकांश नव प्रवर्तन अभावो एवं विपरीत परिस्थितियो से निपटने के लिए अथवा अपने काम को किसी सरल तरीके से करने के लिए कोई नया जुगाड़ कर देते हैं। इनका यह अविष्कार नव प्रवर्तन कहलाता है, इसके अंतर्गत किसान, मैकेनिक, शिल्पकार, आते है, इस कार्यक्रम का उदेश्य आमजन को नव प्रवर्तन के प्रति जागरूक करना है। इस प्रदर्शनी का आयोजन करने हेतु जिलाधिकारी महोदया द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। यह प्रदर्शनी भारत के महान वैज्ञानिक जे सी बोस के जन्म दिवस के अवसर पर 30 नवम्बर को जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अहरौरा में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम को व्यापक रूप देने हेतु विभिन्न वर्ग के जुगांडु वैज्ञानिको से सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है। इस तरह का किसी वर्ग का कोई भी नव प्रवर्त्तक कोई भी जुगाड़ की वस्तु बनाया हो जो समाज के लिए सरल एवं सुगम हो प्रदर्शनी मे भाग ले सकता है। इसके लिए जिला विज्ञान क्लब मिर्जापुर के क्लब कार्यालय 372 आवास विकास कालोनी मिर्जापुर में या गुरु नानक इंटर कॉलेज में जिला समन्यवयक सुशील कुमार पाण्डेय से मो. 9450316519, 6348148301 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो बालकों की हुई मौत, मचा कोहराम

मीरजापुर(आरएनएस)। अदलहाट थाना क्षेत्र के करहट ग्राम के सामने शनिवार को सुबह ट्रेन के चपेट में आने से दो बालकों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। चौकी इंचार्ज नरायनपुर जयदीप सिह ने बताया कि बरईपुर ग्राम निवासी 10 वर्षीय राम आशीष पुत्र काशी वियार कक्षा चार में पढता था तथा गांव का ही 8 वर्षीय सत्यम सोनकर पुत्र हीरा लाल सोनकर कक्षा दो पढता है। दोनों गोवर्धन पूजा के लिए गूंग, भटकटईया लेने रेलवे लाइन के पास गये थे। इसी दौरान ट्रेन के चपेट में आने से दोनों बालकों की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक राम आशीष तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था तथा तीन बहन है। मृतक सत्यम सोनकर चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था। रेलवे द्वारा मिले मेमो के आधार पर सूचना मिलते ही नरायनपुर पुलिस चौकी इंचार्ज जयदीप सिंह मौके पर पहुंच कर शव का पंचायत नामा कराने के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# 51 कुमारी कन्याओं द्वारा विधि विधान से पूजन कर निकाली गई कलश यात्रा

मीरजापुर(आरएनएस)। लालगंज तहसील क्षेत्र के रेही गांव में श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन 51 कुमारी कन्याओं द्वारा विधि विधान से पुजन कर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। यात्रा का जगह जगह गांव वासियों ने स्वागत किया गया। इसके बाद वृंदावन से पधारे कथावाचक कृष्ण भरत कृष्ण महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा पुराण में सभी ग्रंथों का सार हैं और यही ऐसा ग्रंथ है जिसमें भगवान की सभी लीलाओं का वर्णन किया गया है। कहा कि कथा सुनने के बाद उन बातों पर अमल करने से ही पुण्य की प्राप्ति होगी। किस प्रकार से नारद जी के माध्यम से भक्ति के दोनों पुत्र ज्ञान और वैराग्य प्राप्त कर फिर जवान हो गए और गोकर्ण ने पिता को भागवत कथा के माध्यम से समझाया कि हमारा जो नश्वर शरीर है। आयोजक परिवार के सदस्य शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 2 बजे से कथा होगी और शाम 6 बजे तक समापन होगा इस अवसर पर शंभूनाथ तिवारी महंगी लाल तिवारी कैलाशनाथ दुबे सीताराम तिवारी आदि भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# रास्ते के विवाद को लेकर दंपति को किया लहूलुहान

जौनपुर (आरएनएस)। जफराबाद थाना क्षेत्र के दुल्हेपुर गांव में बीती रात रास्ते के विवाद को लेकर मनबढ़ों ने दंपति को लाठी,डंडे और गड़से से प्रहार कर मरणासन्न कर दिया, माता पिता को बचाने पहुचे पुत्र को भी पीट दिया,बाद में गांव वालों के दौड़ाने पर मनबढ़ घटनास्थल से भाग निकले। दंपति की हालत नाजुक होने पर बी एच यू रेफर किया गया है। पुलिस गांव के ही 6 लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन कर रही है। दूल्हे पुर गांव निवासी आशीष चौबे का गांव के ही लालजी सरोज से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। रात आशीष चौबे अपने घर के दरवाजे पर बैठकर भोजन कर रहा था इस समय गांव के ही लालजी सरोज के पुत्रों ने लाठी डंडा,गड़ासा और तलवार इत्यादि लेकर आशीष चौबे पर हमला बोल दिया पति को बचाने हुए दौड़ी पत्नी रेखा को भी मारपीट कर मरणासन्न कर दिया घटना को देखकर माता–पिता को बचाने के लिए बेटा जयेश दौड़ा जिस पर भी लाठी डंडे से प्रहार किया ।शोरगुल सुनकर गांव वासी इकट्ठा हुए और गांव वालों को विरोध के चलते मनबढ़ो को घटना स्थल से भागना पड़ा ।होश में आने पर आशीष चौबे ने जफराबाद थाने में गांव के ही ध्रम सरोज , करम सरोज, नवल सरोज,दीपक सरोज पुत्रगण लालजी सरोज, लालजी सरोज,करन सरोज पुत्र चंद्रशेखर सरोज के खिलाफ तहरीर दिया है।

# पांच वाहन चोर गिरफ्तार चोरी की आठ मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार

श्रावस्ती (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध्ा एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद चौकी प्रभारी रमवापुर गौरव सिंह मय हमराह क्षेत्र भ्रमण के दौरान उच्चाधिकारीगण के दिशा निर्देश में त्यौहार को थाना क्षेत्र में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु वीरपुर चौराहा पर चेकिंग कर रहे थे कि चेकिंग के दौरान तेज गति से आता हुए व्यक्ति रोका गया तथा संदिग्धता पाए जाने पर कडाई से पूछताछ की गई तो पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की है जिसको मौके पर ही हिरासत में लिया गया। अभियुक्त रामतेज उर्फ परधाने से और अधिक कडाई से पूछने पर अन्य चोरी गयी मोटरसाइकिल के बारें में बताया गया। अभियुक्त की निशादेही पर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी करते हुए 8 मोटरसाइकिल की बरामदगी की गयी । बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध्ा संख्या 0134ध्2024 धारा 317(2)(4),336,338,339 ठछै पंजीकृत कर किया गया ।उच्चाधिकारीगण के दिशा निर्देश में त्यौहार को थाना क्षेत्र में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना एनएमपीटी पुलिस द्वारा वीरपुर चौराहा पर चेकिंग संदिग्ध वाहन व्यक्ति कर रहे थे कि चेकिंग के दौरान तेज गति से आते हुए व्यक्ति को लेकर वाहन की चेकिंग करने के उपरान्त गाडी की संदिग्धता के क्रम में कडाई से पूछताछ करने पर चोरी की मोटरसाइकिल का होना बताया गया जिसको मौके पर ही हिरासत पुलिस में लिया गया । अभियुक्त रामतेज उर्फ परधाने से कडाई व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछने पर महेश द्वारा मोटरसाइकिल बेचने के लिए दिये जाने की बात बतायी। कडाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त रामतेज उर्फ परधाने द्वारा बताया गया कि महेश ने मुझे 03 गाडी तथा मनोज सिंह से 05 मोटर साइकिल बेचने हेतु दिये थे। जिसमे से एक मोटर साइकिल मैने अपने घर पर छुपा कर रखा है तथा एक मोटर साइकिल विजय विश्वकर्मा पुत्र रामफेरन निवासी चौखडिया दा0 गोपालपुर थाना नवीन मार्डन पुलिस थाना श्रावस्ती जनपद श्रावस्ती, एक मोटरसाइकिल जयप्रकाश पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम तकिया गोपालपुर थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच को बेचा है , एक मोटर साइकिल बबलू को 02 मोटर साइकिल रामगोपाल पुत्र रामदुलारे निवासी लेगुडवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को एक मोटर साइकिल दुर्गेश जयसवाल पुत्रको बेच दिया है। अभियुक्त के निशादेही पर स्वयं के पास रखी एक और मोटरसाइकिल की बरामदगी करायी गयी एंव अभि0 विजय विश्वकर्मा के पास से एक मोटरसाइकिल , अभि0 सूरजभान के पास से एक मोटरसाइकिल , अभि0 जयप्रकाश के घर से एक मोटरसाइकिल , बब्लू के ससुर मायाराम के घर से एक मोटर साइकिल , अभि0 दुर्गेश जायसवाल के पास से एक मोटरसाइकिल , अभियुक्त रामगोपाल के पास से एक मोटर साइकिल , अभियुक्त रामतेज व अभियुक्त रामगोपाल के निशादेही पर उसके भान्जे रघुराज के घर से एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी । मौके पर ही अभियुक्त रामतेज उर्फ परधाने , दुर्गेश जायसवाल , रामगोपाल , विजय विश्वकर्मा , सूरजभान की गिरफ्तारी की गयी । 'इन वांछित अभियुक्तों में मनोज सिंह भी शामिल है, जो एक सक्रिय अंतर्जनपदीय गिरोह का मुखिया है और वाहन चोरी के कई मामलों में वांछित है। अभियुक्त मनोज सिंह की गिरफ्तारी से वाहन चोरी की अन्य घटनाओं में भी खुलासा होने की संभावना है। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 08 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। यह गिरोह विभिन्न जनपदों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता थास' इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना नवीन मॉडर्न पुलिस टीम को 10,000 का पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की, इस प्रकार के प्रोत्साहन से पुलिसकर्मियों का मनोबल और कर्तव्यनिष्ठा बढ़ती है,

जिससे समाज में कानून–व्यवस्था और शांति स्थापित करने में सहायता मिलती है।' पुलिस विभाग का यह प्रयास जनसुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी ताकि आम नागरिकों का भरोसा पुलिस विभाग पर और अधिक बढ़े।

# जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल पटना खरगौरा में गोवंशो की पूजा कर मनाया गोवर्धन पूजा का पर्व

श्रावस्ती (आरएनएस)। प्रदेश के सभी जनपदो मे निराश्रित गौ आश्रय स्थलो पर गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। जिस क्रम जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विकास खण्ड हरिहरपुर रानी के अन्तर्गत ग्रामपंचायत पटना खरगौरा मे गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौपूजन किया। साथ ही गायों को माला पहनाकर गुड़ व चारा खिलाया। जिलाधिकारी ने गाय की सेवा करने के प्रति जोर देते हुए कहा कि गाय की सेवा ही सबसे बडा धर्म है। इसलिए इनकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। निराश्रित गौ आश्रय स्थलों में मौजूद गायों की सेवा के लिए लोग आगे आएं तथा आम जनमानस से अपील की है कि वह गायों को न छोड़े अन्यथा शासन के दिशा निर्देश के क्रम में उन पर कार्रवाई भी करनी पड़ेगी। गोबंशो को बेहतर ढंग से देखभाल हेतु गो आश्रय स्थलों के संचालक एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया।उपरोक्त कार्यक्रम के तहत जनपद मे विभिन्न गौशालाओं में भी निराश्रित गोवंशो को गुड़, चारा आदि खिलाया गया व पूजन किया गया।

# श्रावस्ती व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में परंपरागतरूप से मनाया गया दीपावली

श्रावस्ती (आरएनएस)। नेपाल सीमावर्ती श्रावस्ती जनपद व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लासपूर्वक व परंपरागतरूप से मनाया गया इस दौरान श्रावस्ती जनपद में सुरक्षा के दृष्टि से चप्पे चप्पे पर पुलिसबल तैनात रहा। दीपावली के अवसर पर लोगों ने अपने घरों पर आकर्षक विद्युत लरियों से सजावट की तथा दिये जलाये गये। गणेश लक्ष्मी की पूजा के साथ जमके आतिशबाजी भी की गई तथा लोगों ने अपनी हैसियत के अनुसार मिठाई की खरीददारी की मिठाई की दुकानों में दीपावली के अवसर पर भारी भीड़ देखी गई जिसमें हिन्दू व मुसलमान दोनो संप्रदाय के लोग अपनी पंसद के अनुसार मिठाईयां खरीद रहे थे। दीवाली पर महंगाई का असर भी देखने को मिला गरीब लोगो ने खरीददारी मन मसोसा खिलौनो व मूर्तियों की दुकानों पर भी भारी भीड़ लगी रही।

# पुलिसबल की मुस्तैदी के बावजूद जगह जगह सजे रहे जुऐ के फड़

श्रावस्ती (आरएनएस)। पुलिसबल की तैनाती के बावजूद श्रावस्ती में जगह जगह जुऐ के फड़ सजे रहे जहां लाखों रूपये का वारा न्यारा होता रहा। पुलिस अधीक्षक ने दीपावली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर पूरे जिले में भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सादे कपड़े में पुलिसबल को तैनात किया था इसके अलावा डायल 112 पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद रही लेकिन जुआरी भी पुलिस को चकमा देकर जुआ खेलते दिखाई पड़े। ऐसा नहीं है कि जुऐ के फड़ों के बारे में पुलिस को जानकारी नहीं थी लेकिन मैनेज होने के कारण पुलिसवाले केवल दिखावटी सजगता दिखाये रहे और जगह जगह जुऐ के फड़ सजे रहे जिसपर लोगो ने व्यंग भी कसा। मैनेज की स्थिति यह रही कि दीवाली के अवसर पर एक भी जुआरी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा।

# गोवर्धन पूजा पर गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण

जौनपुर (आरएनएस) । गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा तहसील केराकत में स्थित गो संरक्षण केंद्र सारौनी पूरब पट्टी का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गौमाता का पूजन किया गया तथा गौपूजन के पश्चात गोवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन के प्रति उपस्थित समस्त को शपथ दिलाई गई और गोवंशो को गुड़, केला तथा हरा चारा खिलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में व्यवस्थाएं देखी गई। गौशाला में व्यवस्था में सुधार की अवश्यकता हेतु संचालक, प्रधान, सचिव एवं पशु चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण हेतु चार फीट गड्ढा खोदकर, चार फीट का घेरा बनाकर सुरक्षित करें, तथा गोवंशों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय से भूसा, चारा इत्यादि खिलाने हेतु निर्देश दिए गए। केयर टेकर द्वारा उगाई गयी नैपियर घास का निरीक्षण भी किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में जनपद के समस्त गौशालाओं में गोपूजन कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज इस गौशाला में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और कई वर्षों की मुहिम के अंतर्गत हरे चारे के रूप में विशेष रूप से निराश्रित गोवंशों के लिए नेपियर घास लगाई जा रही है जिससे गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध्ा हो सकेगा। ग्राम सभा की जमीनों को भी चिन्हित कर नेपियर घास लगाया जाएगा। उप जिलाधिकारी केराकत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सचिव सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान

श्रावस्ती (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान के पाँचवे चरण के तहत, महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की। इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना और समाज में जागरूकता लाना है।

महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत निम्न स्थानों पर जागरूकता चौपाल लगाकर महिलाओंध् बच्चों तथा आम जन को जागरूक किया गया जिसके क्रम में थाना इकौना के मिशन शक्ति टीम के म0का0 आरती सिंह, म0का0 प्रिया चौधरी द्वारा ग्राम जयचंदपुर कटघरा, म0का0 नेहा पासवान द्वारा ग्राम रघुवीर पुरवा दाखिला खावा पोखर में, महिला आरक्षी गीता व महिला आरक्षी आरती कुमारी द्वारा सीता द्वार में, थाना कोतवाली भिनगा की म0आ0 सुशीला व महिला आरक्षी सुषमा द्वारा मोहल्ला बारी नई बाजार भिनगा में, नवीन माडर्न पुलिस थाना के मिशन शक्ति टीम के महिला आरक्षी मधुलिका सिंह व महिला आरक्षी मीरा द्वारा जेतवन मे, महिलाओं बालिकाओं को उनके सम्मान, अधिकार से अवगत कराते हुए एवं स्वालंबन मिशन शक्ति के दृष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत बाल विवाह, लैंगिक समानता के बारे में एवं महिला सम्बन्धी अधिकारो के बारे मे तथा साइबर अपराध की रोकथाम के बारे जानकारी दी गयी। पीड़िताओं से संवादरू महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से पीड़ित महिलाओं से मिलकर उनकी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान महिलाओं की समस्याओं को समझने और उनके समुचित समाधान का आश्वासन दिया गया।

# चाचा की हत्या के आरोप में भतीजा गिरफ्तार

जौनपुर (आरएनएस)। थाना रामपुर पुलिस द्वारा अपने चाचा की हत्या करने वाले अभियुक्त विनोद पटेल उर्फ टिल्लू को गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण षैलेन्द्र कुमार ने बताया कि वादी दिनेश पटेल की तहरीर पर .विनोद पटेल उर्फ टिल्लू पुत्र इन्द्रजीत पटेल ग्राम पचुरुखी देवी प्रसाद थाना रामपुर व .विपिन पटेल पुत्र अज्ञात ग्राम मंगरा थाना बरसठी पर पंजीकृत अभियोग के अनावरण हेतु थाना रामपुर की टीम प्रयासरत थी । मुखवीर ने बताया कि विनोद पटेल पुत्र इन्द्रजीत पटेल सिधवन की तरफ जा रहा है पुलिस ने सिधवन कि तरफ से तलास शुरु किया गया कि फजुलहा प्राथमिक पाठशाला के पास घेर कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये विनोद पटेल ने बताया कि देवी मुझे बहुत प्रताड़ित करते थे तथा मेरा जीना मुश्किल कर दिये थे और मुझे बराबर टार्चर करते थे , मेरा उनकी बहु पूजा पत्नी दिनेश पटेल से चक्कर था किन्तु इनके द्वारा इस बात को लेकर मुझे काफी परेशान किया जाता था जिस कारण या तो मै आत्महत्या करता या इन्हे जान से मारता तो मैने अपने बड़े पिता रामजीत पटेल को सोते समय सिर मे गोली मार दी। मेरी बड़ी मम्मी भी वही पर उनके साथ सोई थी। इस योजना मे मेरी मौसी का लड़का विपिन निवासी मगरा थाना बरसठी ` द्वारा बनाये हुऐ योजना के अनुसार मैने अपना पुराना मो0नं0 वही बन्द कर दिया तथा मिर्जापुर मे रेलवे स्टेशन के पास से नया सिम व पुरानी मोबाईल लिया और उसकी बतायी योजना के अनुसार इस हत्या को योजना अंजाम दिया ।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।